जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

अजमेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 36 संख्याः 226 प्रभात अजमेर, गुरूवार 26 मार्च, 2026 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री को नवरात्र पर्व की शुभकामना एवं बधाई दी तथा राजस्थान के शिल्पकार द्वारा चंदन की लकड़ी से निर्मित मां दुर्गा की मूर्ति भेंट की। मुख्यमंत्री शर्मा ने इस मुलाकात में प्रधानमंत्री मोदी से विकसित राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार की योजनाओं और नीतियों के सफल क्रियान्वयन से आमजन लाभांवित हो रहे हैं। वहीं, राजस्थान विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां को छू रहा है।

## '24, अकबर रोड से कई यादें जुड़ी हैं'

-श्रीनंद झा-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 मार्च। कांग्रेस के मुख्यालय 24, अकबर रोड (पार्टी मुख्यालय) और 5 रायसीना रोड (युवा कांग्रेस कार्यालय) को खाली करने के लिए एस्टेट निदेशालय द्वारा दिए गए नोटिस पर पार्टी नेताओं का गुस्सा और नैतिकता का दावा कुछ हद तक गलत लगता है, हालांकि यह कहा जा सकता है कि ये नोटिस "बदले की राजनीति"

- केन्द्रीय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा कांग्रेस को पूर्व मुख्यालय, 24 अकबर रोड को खाली करने के नोटिस पर वरिष्ठ पार्टी नेता बेहद भावुक हो रहे हैं, उनका कहना है, यहाँ से इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, नरसिम्हाराव और मनमोहन सिंह की यादें जुड़ी हुई हैं।

का प्रतीक हैं। कांग्रेस ने इस मुद्दे को अदालत में ले जाने का फैसला किया है, ताकि उसे जबरन बाहर न किया जा सके।

शहरी मामलों के मंत्रालय के भूमि एवं विकास कार्यालय की 2006 की नीति के तहत, राजनीतिक दलों को नए कार्यालय बनाने के लिए जमीन दी जाती

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुख्यमंत्री बनने की चाह ने कितना बदल दिया के.सी. वेणुगोपाल को

### वेणुगोपाल केरल में अब घर-घर जा रहे हैं और उन रूष्ट कांग्रेस उम्मीदवारों को मनाने में जुटे हैं, जिन्हें कांग्रेस का टिकट नहीं मिला और जो बागी उम्मीदवार के रूप में खड़े होने की तैयारी में हैं

- रेणु मित्तल-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 मार्च। के. सी. वेणुगोपाल को पार्टी में एआईसीसी के संगठन महासचिव की तरह व्यवहार करने में छह साल लग गए, इस समय भी वे यह जिम्मेवारी तब निभा रहे है, जब इससे उनका खुद का स्वार्थ जुड़ा हुआ है, क्योंकि वे केरल के मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं।

केरल में विधानसभा चुनाव प्रचार पूरे जोरों पर हैं और के. सी. वेणुगोपाल इन दिनों केरल में सक्रिय हैं, जहां उनका कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। वे लगातार घर-घर जाकर उन कांग्रेस नेताओं से मिल रहे हैं, जिन्हें टिकट नहीं मिला या जो बागी उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

उनका उद्देश्य इस बारगी प्रत्याशियों को शांत करना है, ताकि केरल चुनावों में पार्टी को कोई नुकसान न हो।

अब सवाल उठ रहा है कि संगठन महासचिव के रूप में वेणुगोपाल ने यही काम महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली, बिहार या अन्य राज्यों में क्यों नहीं किया, जहां कांग्रेस बुरी तरह विधानसभा चुनाव हार

- वेणुगोपाल केरल में पार्टी खेमेबाजी व अंतर विरोध को समेटने की कोशिश कर रहे हैं और वरिष्ठ नेताओं की आपसी रंजिश व मनमुटाव को समझाइश से बीच बचाव करके निपटाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं।
- वेणुगोपाल के इन सभी प्रयत्नों का एक ही ध्येय है, आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को किसी भी प्रकार का नुकसान न हो।
- पर, अहम् सवाल यह उठ रहा है कि ए.आई.सी.सी. में संगठन महासचिव वेणुगोपाल ने ये ही प्रयत्न महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली व बिहार में क्यों नहीं किए, जहाँ कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में हार का मुँह देखना पड़ा।
- शायद इन राज्यों में भी कांग्रेस की इतनी भारी हार नहीं होती, अगर संगठन महासचिव इन राज्यों में भी अपनी "जॉब-प्रोफाइल" के अनुरूप सक्रियता दिखाते।

गई।

क्या यह संगठन महासचिव के रूप में उनके कार्यक्षेत्र का हिस्सा नहीं था?

क्या इन राज्यों में गुटबाजी को सुलझाना उनकी जिम्मेदारी नहीं थी?

क्या नाराज वरिष्ठ नेताओं को मनाना उनका कर्तव्य नहीं था?

या फिर यह सुनिश्चित करना, कि कांग्रेस एकजुट होकर भाजपा का मुकाबला करे, उनकी भूमिका में शामिल नहीं था?

सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अपनी हार को समझौते का जामा पहनाने की कोशिश न करें'

### ईरान ने राष्ट्रपति ट्रंप के पन्द्रह सूत्री "शांति प्रस्ताव" की खिल्ली उड़ाई

-अंजन रॉय-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 मार्च। पश्चिम एशिया के युद्ध को समाप्त करने के लिए पंद्रह बिंदुओं की एक शांति योजना ईरान भेजी गई है, ताकि क्षेत्र में शत्रुता समाप्त हो सके। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप दावा कर रहे हैं कि ईरान जल्द से जल्द शांति समझौते को अंतिम रूप देने के लिए उत्सुक है।

पाकिस्तान का कहना है कि उसने ट्रंप के पंद्रह बिंदुओं का एजेंडा ईरान तक पहुंचाया है, पर इज़रायल के अनुसार, ईरान द्वारा इसे स्वीकार किए जाने की संभावना नहीं है। ईरान ने युद्ध समाप्त करने के लिए मध्यस्थता के सभी प्रयासों को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि यह केवल ईरान की शर्तों पर होगा, अमेरिका की शर्तों पर नहीं।

पाकिस्तान ने युद्धरत पक्षों के बीच वार्ता की मेजबानी करने की पेशकश की है। तुर्की और मिस्र भी यह कह रहे हैं कि वे दोनों पक्षों के संपर्क में हैं और मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि, ईरान ने कहा है कि जितनी अधिक बार यह गलत जानकारी दोहराई जाएगी कि ईरान शांति योजना के लिए विनती कर रहा है, उतना ही वह ऐसे प्रस्तावों के प्रति अधिक कठोर रुख अपनाएगा।

- ईरान ने यह भी कहा कि उसका अमेरिका से किसी भी तरह का सम्पर्क स्थापित नहीं हुआ है, साथ ही ईरान ने पुरजोर तरीके से दावा किया कि वह अमेरिका से किसी भी तरह की "डील" पर बातचीत नहीं करेगा।
- गौरतलब बात यह भी है कि अमेरिका के सैन्य सामान का काफी कुछ भंडार खत्म हो गया है, ईरान के साथ युद्ध में, और अमेरिका के युद्ध मामलों के सचिव (मंत्री) पीट हेगसेथ हथियारों के खत्म होते भण्डार को पुनः भरने के लिए हथियारों के प्रोडक्शन को बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं।
- पर, विडम्बना यह है कि आधुनिक हथियारों के प्रोडक्शन के लिए सबसे ज्यादा जरूरत "रेयर अर्थ मिनरल्स" की होती है, जिसके लिए अमेरिका को चीन के सामने हाथ पसारने पड़ते हैं।
- ट्रंप को चीन पर यह निर्भरता कतई पसंद नहीं आ रही है और निर्भरता को खत्म करने के लिए निरंतर रास्ते ढूंढ रहे हैं। दूसरी ओर चीन ने अमेरिका को "रेअर अर्थ मिनरल्स" सप्लाई के बारे में अपने रवैये को और सख्त कर दिया है।

ट्रंप की शांति योजना में ईरान के परमाणु कार्यक्रम का पूर्ण खात्मा शामिल है, जिसमें यूरेनियम संवर्धन को छोड़ने का वचन, सभी परमाणु प्रतिष्ठानों को अन्तर्राष्ट्रीय निरीक्षण और आईईए (इंटरनैशनल एनर्जी एजेन्सी) द्वारा निगरानी के लिए खोलना, तथा आत्मरक्षा के सीमित उद्देश्यों को छोड़कर सभी मिसाइल उत्पादन और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ईरान सिर्फ जेडी वैंस से बात करेगा

वॉशिंगटन, 25 मार्च। पश्चिम एशिया संकट के कूटनीतिक समाधान पर बातचीत चल रही है। इस बीच ईरान ने डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन को साफ संकेत दिया है कि वह अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जेरेड कुश्नर के साथ दोबारा बातचीत

- अमेरिकन मीडिया संस्थान सीएनएन ने यह जानकारी दी और कहा इसकी वजह यह है कि वैंस शुरु से ही ईरान पर हमले के विरुद्ध है।

नहीं करना चाहता। इसके बजाय, तेहरान की प्राथमिकता अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ बातचीत करने की है। यह जानकारी अमेरिकी मीडिया संस्थान सीएनएन ने दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान का मानना है कि स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुश्नर के साथ बातचीत विश्वास की कमी के कारण प्रभावी नहीं होगी। गौरतलब है कि अमेरिका के ईरान पर हमले से पहले स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुश्नर ही ईरानी सरकार के साथ बातचीत कर रहे थे और वह बातचीत विफल रही थी। रिपोर्ट के अनुसार, जेडी वेंस युद्ध खत्म करने के समर्थक हैं और ऐसी रिपोर्ट्स आ चुकी हैं कि वेंस, ईरान पर हमले के पक्ष में नहीं थे। यही वजह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मॉल की बेसमैंट पार्किंग पर क्या यूडी टैक्स वसूल सकता है नगर निगम?

### क्रिस्टल पाम के मालिकों ने नगर निगम द्वारा थमाए गए डिमांड नोटिस और यूडी टैक्स वसूली के नियम-कायदों को हाई कोर्ट में चुनौती दी

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 25 मार्च। राजस्थान हाईकोर्ट में जयपुर में 22 गोदाम सर्किल पर स्थित क्रिस्टल पाम मॉल के बेसमेंट में बनी पार्किंग का नगर निगम जयपुर द्वारा अरबरन डबलपमैंट (यूडी) टैक्स मांगे जाने को लेकर थमाए गए डिमांड नोटिस को मॉल के मालिक महिमा ग्रुप रियल एस्टेट प्रा. लि. ने चुनौती दी है। इस मामले में स्वायत्त शासन विभाग और नगर निगम के ज़ोन उपायुक्त को भी पक्षकार बनाया गया है।

इस मामले में कानूनी मुद्दा यह उठाया गया है कि मॉल की बेसमेंट पार्किंग, जो थर्ड पार्टी को संचालन के लिए दी जाती है, क्या वह कमर्शियल एक्टिविटी है और क्या उस पर यूडी टैक्स लागू किया जा सकता है?


मॉल मालिकों की ओर से नगर निगम के उन नियम-कायदों को चुनौती दी गई है, जिनके जरिए जयपुर में बकाया यूडी टैक्स वसूला जा रहा है। इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आर.बी. माथुर और उनके सहायक अधिवक्ता फलक माथुर पैरवी के लिए पेश हुए थे। उन्होंने अदालत को बताया कि नगर निगम के सिविल लाइंस ज़ोन ऑफिस ने क्रिस्टल पाम मॉल की बेसमेंट पार्किंग को व्यवसायिक गतिविधि मानते हुए यूडी टैक्स चुकाने का नोटिस थमाया है। जिस नियम के अनुसार नगर निगम प्रशासन द्वारा यूडी टैक्स वसूला जा रहा है, उस नियम में इमारतों की बेसमेंट पार्किंग को "कमर्शियल बिल्डिंग" का हिस्सा नहीं माना गया है। इस पार्किंग की जगह पर व्यवसायिक गतिविधि नहीं होती, यह सुविधा क्षेत्र है, जो मॉल में आने वाले लोगों को पार्किंग की सुविधा मुहैया करवाने के लिए है।

- याचिकाकर्ताओं का कहना है कि, मॉल्स में बेसमैंट पार्किंग आमजन की सुविधा के लिए होती है, यह कमर्शियल गतिविधि नहीं मानी जा सकती।
- वहीं, अदालत ने मॉल संचालकों को नगर निगम के कर निर्धारक अधिकारी के समक्ष अपना पक्ष रखने को कहा है, अब इस प्रकरण में 27 मार्च को सुनवाई होगी।

उन्होंने कहा कि इस सुविधा क्षेत्र पर किसी व्यक्ति विशेष का मालिकाना हक नहीं होता, यह आमजन की पार्किंग सुविधा के लिए ही है। उन्होंने अदालत को बताया कि वे नगर निगम के कर निर्धारक को इस बारे में अपनी आपत्ति भी दर्ज करवा चुके हैं, लेकिन वहां कोई सुनवाई नहीं हुई।

इस मामले में राजस्थान सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता जी.एस. गिल पैरवी के लिए पेश हुए थे। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि ऐसे ही मामले पर अदालत ने पूर्व में नगर निगम को आदेश दिए थे कि कर निर्धारण करने वाले ऑफिसर व्यापारियों की शिकायतों और आपत्तियों पर निष्पक्षता से उनका पक्ष सुनें। सभी तथ्यों को सुनने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



## विचार बिन्दु

अपना नाम सदा कायम रखने के लिए मनुष्य बड़े से बड़ा जोखिम उठाने, धन खर्च करने, हर तरह के कष्ट सहने, यहाँ तक कि मरने के लिए भी तैयार हो जाता है। –सुकरात

# एलपीजी और पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता की सकारात्मक पहल

अमेरिका-इजरायल व ईरान के बीच युद्ध के कारण कच्चे तेल और एलपीजी की उपलब्धता की कमी का भ्रामक संदेश फैलाकर जिस तरह से देश और प्रदेश में प्रदर्शन और आमजन में भय का वातावरण बनाने का प्रयास किया जा रहा है उसके बीच प्रदेश में किसी तरह का पैनीक हालात ना बने इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पहल कर प्रदेशवासियों के बीच सकारात्मक संदेश दिया है। होता यह है कि जब देश में नकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास किया जाता है तो उसके पीछे जो ध्येय होता है व समाज के व्यापक हित में नहीं हो सकता। इसके साथ ही जनता भी समझदार होती है और नकारात्मक माहौल तैयार करने वाले तत्व जल्द ही बेनकाब हो जाते हैं। देश और प्रदेश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी के प्रर्याप्त भण्डार उपलब्ध है और सरकार निरंतर आपूर्ति बनाये रखने के प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रोएक्टिव रोल निभाते हुए ना केवल हालात की समीक्षा की, अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिए अपितु प्रदेशवासियों को भी विश्वास दिलाने का सार्थक कदम उठाया जिससे इस तरह के मौकों का गलत लाभ उठाते हुए कालाबाजारी, जमाखोरी व इसी तरह के अन्य हथकण्डे अपनाने वालों पर सख्त कार्रवाई का संदेश दे दिया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि प्रदेश में किसी तरह की कोई कमी नहीं है इसलिए पैनीक होने की आवश्यकता नहीं है। इसके साथ ही मुख्यसचिव वी. श्रीनिवास अपने अधिकारियों और जिलाधिकारियों से नियमित संवाद कायम कर व्यवस्था को चाकचोबंद किया जा रहा है। सबसे अधिक और महत्वपूर्ण कीसोशल मीडिया पर नजर रखने और भ्रांतियां फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दे दिए है।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि युद्ध के हालात हमारी देन नहीं है। इसके साथ ही यह भी साफ हो जानी चाहिए कि दुनिया के अधिकांश देश एक-दूसरे पर निर्भर है। जहां तक कच्चे तेल, एलपीजी आदि की पूर्ति अधिकांश देशों द्वारा आयात करके ही की जाती है। हमारी भी बहुत कुछ स्थानीय मांग की पूर्ति आयात के माध्यम से ही होती है। ऐसे हालातों में भी केन्द्र सरकार की सराहना की जानी चाहिए कि हार्मुज जनडमरुमध्य के हालात आयात को प्रभावित करने के बावजूद कूटनीतिक प्रयासों से एलपीजी के मालवाहक जहाजों का आना शुरु हो चुका है। हांलाकि गैरजिम्मेदार लोगों ने एलपीजी के इन जहाजों को लेकर भी भ्रम फैलाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। वे यह भूल गए कि यह विश्वव्यापी संकट का दौर है और दुनिया का कोई भी देश इन हालातों से अछूता नहीं हैं। जिस तरह से आंदोलन-प्रदर्शन और व्यक्तव्यों के माध्यम से लोगों में कृत्रिम कमी का माहौल बनाया जा रहा है और कालाबाजारी व जमाखोरों को अवसर दिलाया जा रहा है उसे किसी भी हालत में उचित नहीं कहा जा सकता है। बल्कि ऐसा लगता है कि जैसे इस तरह के तत्वों के सामने संकट के दौर में जो नैतिकता और देश के प्रति दायित्व होना चाहिए, उसे भूल चुके हैं।

**देश और प्रदेश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी के प्रर्याप्त भण्डार उपलब्ध है और सरकार निरंतर आपूर्ति बनाये रखने के प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रोएक्टिव रोल निभाते हुए ना केवल हालात की समीक्षा की, अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिए अपितु प्रदेशवासियों को भी विश्वास दिलाने का सार्थक कदम उठाया जिससे इस तरह के मौकों का गलत लाभ उठाते हुए कालाबाजारी, जमाखोरी व इसी तरह के अन्य हथकण्डे अपनाने वालों पर सख्त कार्रवाई का संदेश दे दिया है।**

भूलना नहीं चाहिए कि यह वहीं भारत देश है जब लाल बहादुर शास्त्री के समय अन्न संकट आया तो एक आह्वान पर छोटे बड़े सभी ने एक दिन सोमवार का व्रत रखना आरंभ कर दिया। पुरानी पीढ़ी के कुछ लोग आज भी उस आह्वान के चलते आज भी सोमवार का व्रत करते हुए मिल जाएंगे। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि 1971 के बांग्लादेश के युद्ध के समय समूचा देश इन्दिरा गांधी के साथ एक स्वर में स्वर मिला रहा था। आज पता नहीं ऐसे हालात कैसे होने लगे हैं कि ऑपरेशन सिन्दुर या अन्य सैन्य गतिविधियों पर भी प्रश्न उठाये जाने लगे हैं। संभवतः दुनिया के किसी भी देश में इस तरह की बात नहीं होती होगी।

जहां तक एलपीजी की बात है तो हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि एक समय था जब एलपीजी कनेक्शन के लिए वर्षों इंतजार करना पड़ता था। सामान्य परिस्थितियों में भी सिलेण्डर प्राप्त करने के लिए लंबी कतारों से भी दो चार होना पड़ता था। धरातल पर देखेंगे तो हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि आज 31.3 मिलियन टन एलपीजी गैस की खपत है। देश में 31 करोड़ सक्रिय एलपीजी धरेलू कनेक्शन है। समूचे देश की बात की जाए तो प्रतिदिन ओसतन 50 से 60 लाख एलपीजी सिलेण्डर की आवश्यकता होती है। ऐसे में मांग और आपूर्ति बनाये रखना अपने आप में दुश्वर है पर हालिया संकट को अलग कर दिया जाए तो पिछले कुछ सालों से एलपीजी या पेट्रोल आदि को लेकर देश में किसी तरह का संकट देखने को नहीं मिला। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल और मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास द्वारा नियमित क्लोज मोनेटरिंग का ही परिणाम है कि प्रदेशवासियों में विश्वास बना है। गैस की बुकिंग से लेकर उपलब्धता को लेकर सारे संदेहों को दूर किया गया है। वितरण व्यवस्था पर निगरानी रखी जा रही है और गैस एजेन्सियों व अन्य असामाजिक तत्वों पर क्ड़ी नजर रखी जा रही है। शादी-विवाह जैसे आयोजनों के लिए भी उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है वहीं अफवाहों और फर्जी खबरों पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

सवाल साफ है कि विपरीत हालातों या यों कहें कि आपातकालीन हालातों में पूरे देशवासियों को एक होने की आवश्यकता व समस्या के समाधान में सहभागीय बनने की आवश्यकता होती है पर ऐसे समय में भी गैरजिम्मेदारी पूर्ण व्यवहार निश्चित रुप से नहीं होना चाहिए। आखिर हम इस समाज के ही तत्व है। हमारे हित और समाज के हित एक है। केवल विरोध के नाम पर विरोध किसी भी हालत में उचित नहीं माना जा सकता। खैर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवदेनशीलता और उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने की सराहना की जानी चाहिए। सरकारी और गैरसरकारी संगठनों को भी आगे आकर देशहित में एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी चाहिए।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल गुरूवार 26 मार्च, 2026



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2083, आद्रा नक्षत्र सायं 4:19 तक, शोभन योग रात्रि 12:32 तक, बव करण दिन 11:49 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थितिः** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-कुम्भ, बुध-कुम्भ, गुरू-मिथुन, शुक्र-मेष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज सर्वार्थ सिद्धि योग और रवियोग सायं 4:19 से आरम्भ होगा। आज मंगल उदय पूर्व दिन 2:06 पर होगा। आज दुर्गाष्टमी, महाअष्टमी, अशोकाष्टमी है। आज श्री रामनवमी, अन्नपूर्णा पूजा है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ सूर्योदय से 8:00 तक, चर 11:02 से 12:33 तक, लाभ अमृत 12:33 से 3:35 तक, शुभ 5:06 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:29, सूर्यास्त 6:37

**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में यात्रा संभव है। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं, उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन/संदेश प्राप्त होंगे।

**धनु**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा, धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आज परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**मकर**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। मानसिक तनाव दूर होने लगेंगे। दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**मिथुन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आज धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**तुला**
आज धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


**कर्क**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। आज धार्मिक कार्यों में समय व्यतीत हो सकता है।

**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**मीन**
घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

# वाल्मीकीय रामायण में शासन प्रबंधन के सूत्र

## रामनवमी विशेष.......



राजेश्वर सिंह

महाराज दशरथ द्वारा भरत को अयोध्या का राज्य तथा श्रीराम को चौदह वर्ष का वनवास दिए जाने के फलस्वरूप श्रीराम चित्रकूट में निवासरत थे। उन्हें वापस अयोध्या लाकर राज्याभिषक्त करने के लिए भरत ने सपरिवार, सकर्मिवृन्द, सनागरिक व ससैन्य चित्रकूट की यात्रा की। भरत व श्रीराम की मुलाकात के समय श्रीराम द्वारा गुरुजनों, परिवार, मन्त्रिगण, सेना, कोष, प्रजा, कृषि, वाणिज्य इत्यादि के संबंध में भरत से कतिपय प्रश्न किये गये। इन प्रश्नों की प्रकृति तथा इनमें निहित गूढ़ मन्तव्यों में ही श्रीराम का शासनादर्श स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है।

सर्वप्रथम श्रीराम भरत से मन्त्रिपरिषद के सदस्यों के व्यक्तिगत व व्यावसायिक गुणों के संबंध में पूछते हैं कि क्या भरत द्वारा नियुक्त मन्त्रिगण शूरवीर, शास्त्रज्ञ, जितेन्द्रिय तथा बाहरी चेष्टाओं से ही मन की बात समझ लेने वाले सुयोग्य व्यक्ति हैं? श्रीराम कहते हैं कि अच्छी मन्त्रणा ही राजा की सफलता का मूल कारण है। वह भी तभी सफल होती है, जब नीतिशास्त्र निपुण अमात्य उसे सर्वथा गुप्त रखें। राजा को किसी भी गूढ़ विषय पर न तो अकेले विचार करना चाहिए और न ही बहुत लोगों के साथ बैठकर मन्त्रणा करनी चाहिए। राजा के मन्त्रियों में यदि एक भी मेधावी, शूरवीर, चतुर एवं नीतिज्ञ हो तो वह राजा को बहुत बड़ी सफलता की प्राप्ति करा सकता है।

श्रीराम प्रधान, मध्यम एवं निम्न पदों पर कर्मियों को योग्यतानुसार नियुक्त करने की बात कहते हैं, साथ ही अत्यधिक कठोर दण्ड तथा अत्यधिक कठोर करारोपण का निषेध करते हैं। इसके अलावा वह कार्मिकों को निर्धारित किया हुआ समुचित वेतन व भत्ता भी समय पर देने की बात करते हैं ताकि असंतोष व्याप्त न हो और अनिष्ट कारित न हो। श्री राम स्वपक्ष व शत्रु पक्ष के अधिकारियों व कर्मचारियों की गतिविधियों पर दृष्टि रखने के लिए गुप्तचर व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की बात भी कहते हैं।

श्रीराम कृषि तथा व्यापार से आजीविका चलाने वाले लोगों की कुशलता की जानकारी भी प्राप्त करते हैं क्योंकि उनके मतानुसार कृषि व व्यापार की उन्नति ही सम्पूर्ण राज्य के सुख एवं उन्नित की कारक है। श्रीराम राज्य की आय के संबंध में भी जानकारी प्राप्त करते हैं तथा यह मत भी व्यक्त करते हैं कि राज्य की आय अधिक व व्यय कम होना चाहिए। दण्ड विधान के संबंध में श्रीराम का मत यह है कि दोषारोपित व्यक्ति के संबंध में शास्त्रज्ञान में कुशल विद्वानों द्वारा समुचित विचार-विमर्श के उपरान्त ही दण्ड का निर्धारण होना चाहिए। श्रेष्ठ, निर्दोष और शुद्धात्मा को दण्ड नहीं मिलना चाहिए तथा दोषसिद्ध को अवश्य दण्ड मिलना चाहिए। धनी व निर्धन के बीच में विवाद हो तो भी निष्पक्ष व निर्दोष न्याय किया जाना चाहिए।

उक्त प्रसंग में ही श्रीराम ने राजाओं के चौदह दोष भी गिनाए हैं, और भरत को उक्त चौदह दोषों से दूर रहने के लिए कहा है। उक्त चौदह दोष निम्नानुसार हैं- नास्तिकता, असत्य भाषण, क्रोध, प्रमाद, दीर्घसूत्रता, ज्ञानी पुरुषों का संग न करना, आलस्य, नेत्र आदि पाँचों इन्द्रियों के वशीभूत होना, राजकार्य के विषय में अकेले ही विचार करना, प्रयोजन को न समझने वाले विपरीतदर्शी मूर्खों से सलाह लेना, निश्चित किए हुए कार्यों को शीघ्र प्रारम्भ न करना, गुप्त मंत्रणाओं को सुरक्षित न रखकर प्रकट कर देना, मांगलिक आदि कार्यों का अनुष्ठान न करना तथा सभी शत्रुओं पर एक साथ चढ़ाई कर देना।

उक्त प्रसंग में ही श्री राम कामजनित दश दोषों यथा आखेट, जुआ, दिन मे सोना, दूसरों की निंदा करना स्त्री में आसक्त होना, मद्यपान, नाचना, गाना, बाजा बजाना और व्यर्थ घूमना इत्यादि को राजा के लिए त्याज्य बताते हैं। राजा, मंत्री, राष्ट्र, किला, कोष, सेना व मित्र वर्ग को श्रीराम सप्तवर्ग कहते हैं और इन्हें राज्य का अनिवार्य अंग मानते हुए इन पर निरन्तर ध्यान देने के लिए कहते हैं।

इसी प्रकार खेती की उन्नित करना, व्यापार को बढ़ाना, दुर्ग बनाना, पुल निर्माण करना, जंगल से हाथी पकड़कर मंगवाना, खानों पर अधिकार प्राप्त करना, अधीन राजाओं से कर प्राप्त करना और निर्जन क्षेत्र को आबाद करना राजा के लिए उपादेय आठ गुण हैं, जिन्हें श्रीराम अष्टवर्ग कहते हैं और भरत से इनकी पालना के लिए कहते हैं। आग लगना, बाढ़ आना, बीमारी फैलना, अकाल पड़ना और महामारी का प्रकोप होने को श्रीराम दैवीबाधा कहते हैं, और राज्य के अधिकारियों, चोरों, शत्रुओं, राजा के प्रिय व्यक्तियों व स्वयं राजा के लोभ से जो भय व्याप्त होता है उसे मानव निर्मित बाधा कहते हैं। इन दोनों तरह की बाधाओं का मुकाबला राजा को सतर्कता व युक्तिपूर्वक करना चाहिए। राष्ट्र की सुरक्षा में विदेश नीति के संबंध में श्रीराम द्वारा भरत को दिया गया उपदेश भी सार्वकालिक दृष्टि से समीचीन प्रतीत होता है। संधि, विठाह, यान, आसन, द्वैधीभाव व समाश्रय राष्ट्र रक्षा नीति व विदेश नीति के आवश्यक अंग हैं। इनमें शत्रु से मेल रखना सन्धि, उससे लड़ाई छेड़ना विग्रह, आक्रमण करना, यान, अवसर की प्रतीक्षा में बैठे रहना आसन, दुरंगी नीति बरतना द्वैधीभाव और अपने से बलवान राजा की शरण लेना समाश्रय कहलाता है। इस प्रकार हम देखते हैं कि श्रीराम के द्वारा उपदिष्ट शासन प्रबंधन के उपर्युक्त सूत्र समकालीन परिप्रेक्ष्य में भी पूर्णतया प्रासंगिक व सुसंगत हैं। इन सूत्रों का विस्तार, व्यापकता गूढ़ता, गहनता व इनमें सन्निहित राष्ट्र व जन की सुरक्षा, संरक्षा व कल्याण की उदात्त भावना व पवित्र उद्देश्य सर्वथा आश्चर्यचकित कर देने वाला है। शासक वर्ग को आत्मोन्मुख होकर सदा सर्वदा इन प्रश्नों का उत्तरदायी होने का प्रयास करना चाहिए ताकि उन्हें यह पता चल सके कि उनका शासन तंत्र योग्यता, निष्पक्षता, नियमबद्धता, न्याय, जनकल्याण तथा सर्वतोमुखी विकास की शाश्ववत व सनातन कसौटियों पर खरा उतरने में सक्षम है अथवा नहीं? श्रीराम के ये प्रश्न राजनीति शास्त्र व लोकप्रशासन की अमूल्य धरोहर हैं और इनके उत्तर में ही राम राज्य की सम्पूर्ण संकल्पना सन्निहित है।

**–राजेश्वर सिंह,**
**राज्य निर्वाचन आयुक्त,**
**राजस्थान**

# वैश्विक तनाव के दौर में भारत की संतुलित विदेश नीति



मदन प्रजापत

आज की दुनिया तेजी से बदल रही है और वैश्विक राजनीति पहले से कहीं अधिक जटिल हो गई है। अलग-अलग देशों के बीच संघर्ष, युद्ध और रणनीतिक प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है। यूरोप में रूस-यूक्रेन युद्ध, मध्य-पूर्व में बढ़ते संघर्ष, अमेरिका और चीन के बीच शक्ति संतुलन की प्रतिस्पर्धा और हाल ही में अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने पूरी दुनिया को अस्थिर बना दिया है। इन परिस्थितियों में लगभग हर देश किसी न किसी पक्ष के साथ खड़ा दिखाई देता है। लेकिन भारत एक अलग और संतुलित नीति अपनाते हुए लगभग सभी देशों के साथ अपने संबंध बनाए रखने में सफल रहा है। यही भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी विशेषता है।

भारत की विदेश नीति का मूल सिद्धांत संतुलन और रणनीतिक स्वायत्तता है। इसका अर्थ है कि भारत किसी एक शक्ति-गुट के साथ पूरी तरह जुड़ने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए स्वतंत्र निर्णय लेता है। यह नीति नई नहीं है। आज़ादी के बाद से ही भारत ने गुटनिरपेक्षता (–) की नीति अपनाई थी। उस समय शीत युद्ध के दौरान दुनिया दो बड़े गुटों-अमेरिका और सोवियत संघ-में बंटी हुई थी, लेकिन भारत ने दोनों के साथ संबंध बनाए रखे। आज भी वही सोच आधुनिक रूप में दिखाई देती है।

हाल के वर्षों में दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष बढ़े हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका एक बड़ा उदाहरण है। पश्चिमी देशों ने रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंध लगाए, जबकि कई देशों को यह तय करना पड़ा कि वे किस पक्ष का समर्थन करें। भारत ने इस स्थिति में संतुलित रुख अपनाया। भारत ने युद्ध को समाप्त करने और शांति वार्ता की आवश्यकता पर जोर दिया, लेकिन साथ ही रूस के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे रक्षा और ऊर्जा संबंधों को भी बनाए रखा। भारत के लिए रूस एक महत्वपूर्ण रक्षा साझेदार रहा है, जबकि अमेरिका और यूरोपीय देश भारत के प्रमुख व्यापार और तकनीकी सहयोगी हैं। इसलिए भारत ने किसी एक पक्ष के साथ पूरी तरह खड़े होने के बजाय दोनों के साथ संवाद बनाए रखा। इसी तरह, मध्य-पूर्व में भी भारत की विदेश नीति संतुलित दिखाई देती है। भारत के संबंध सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, इज़राइल और ईरान-सभी देशों के साथ अच्छे हैं। यह एक बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि मानी जाती है क्योंकि इन देशों के आपसी संबंध कई बार तनावपूर्ण रहे हैं।

हाल ही में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने इस क्षेत्र को और अधिक संवेदनशील बना दिया है। 2026 में अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा ईरान पर सैन्य हमलों के बाद क्षेत्र में संघर्ष तेज हो गया और ईरान ने जवाबी मिसाइल और ड्रोन हमले किए। इससे पूरे मध्य-पूर्व में अस्थिरता बढ़ गई। इस संघर्ष का असर केवल क्षेत्रीय राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। फारस की खाड़ी में स्थित स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ दुनिया के तेल व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। इस क्षेत्र में बढ़ते संघर्ष के कारण तेल आपूर्ति प्रभावित हुई और वैश्विक ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता बढ़ गई।

ऐसे तनावपूर्ण माहौल में भारत के सामने चुनौती यह है कि वह अमेरिका और ईरान दोनों के साथ अपने संबंध बनाए रखे। अमेरिका भारत का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक और आर्थिक साझेदार है, जबकि ईरान भारत के लिए ऊर्जा और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिहाज से महत्वपूर्ण रहा है। इसलिए भारत लगातार शांति, संवाद और कूटनीति के माध्यम से समाधान की बात करता रहा है। इसके अलावा अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा भी वैश्विक राजनीति का एक महत्वपूर्ण पहलू है। चीन एशिया और वैश्विक स्तर पर अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, जबकि अमेरिका इसे संतुलित करने के लिए कई रणनीतिक कदम उठा रहा है। भारत इस परिस्थिति में भी संतुलन की नीति अपनाता है। भारत अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड जैसे मंचों पर सहयोग करता है, जो इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने की कोशिश करते हैं। वहीं दूसरी ओर भारत कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चीन के साथ भी मौजूद रहता है, जैसे ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन।


भारत की विदेश नीति का एक और महत्वपूर्ण पहलू है बहुपक्षीय सहयोग। भारत संयुक्त राष्ट्र, जी-20 और ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सक्रिय भूमिका निभाता है। हाल के वर्षों में भारत ने विशेष रूप से विकासशील देशों यानी ग्लोबल साउथ की आवाज को अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाने का प्रयास किया है। भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत भी उसकी विदेश नीति को मजबूत बनाती है। दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने के कारण आज भारत वैश्विक राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। व्यापार, निवेश, तकनीक और ऊर्जा के क्षेत्र में भारत कई देशों के लिए एक भरोसेमंद साझेदार बन चुका है। इसके साथ ही भारत की मानवीय और सांस्कृतिक छवि भी उसकी विदेश नीति को मजबूत बनाती है। भारत हमेशा शांति, सह-अस्तित्व और सहयोग की बात करता रहा है। संकट के समय कई देशों को भारत ने सहायता भी प्रदान की है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत द्वारा कई देशों को वैक्सीन उपलब्ध कराना इसका एक उदाहरण है। हालांकि चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। वैश्विक स्तर पर बढ़ती सैन्य प्रतिस्पर्धा, आर्थिक अनिश्चितता और तकनीकी प्रतिस्पर्धा भविष्य में और जटिल परिस्थितियां पैदा कर सकती हैं। अमेरिका-ईरान संघर्ष, रूस-यूक्रेन युद्ध और एशिया में बढ़ते तनाव जैसे मुद्दे आने वाले समय में वैश्विक राजनीति को प्रभावित करते रहेंगे। इन सबके बीच भारत की विदेश नीति का सबसे बड़ा लक्ष्य यही है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए दुनिया के विभिन्न देशों के साथ संतुलित और सहयोगात्मक संबंध बनाए रखे।

अंत में यह कहा जा सकता है कि आज जब दुनिया कई संघर्षों और विभाजनों से गुजर रही है, तब भारत ने एक ऐसा रास्ता चुना है जो संवाद, संतुलन और कूटनीति पर आधारित है। यही कारण है कि भारत आज लगभग सभी प्रमुख देशों के साथ मित्रतापूर्ण संबंध बनाए रखने में सफल रहा है। भविष्य में भी यदि भारत इसी संतुलित और दूरदर्शी नीति को जारी रखता है, तो वह न केवल अपने हितों की रक्षा करेगा बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**–मदन प्रजापत,**
**( भाजपा प्रदेश प्रवक्ता )**

# अतीत, वर्तमान और भविष्य को साथ लेकर चलने का उत्सव बना "राजस्थान दिवस"

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल से प्रदेश की विरासत, अवसरों एवं संभावनाओं का परिचायक बना आयोजन



हेमेन्द्र सिंह

भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नववर्ष के साथ ही नव चेतना एवं नव आरंभ का प्रतीक माना जाता है। इसी पावन बेला पर रेवती नक्षत्र एवं इंद्रयोग में 30 मार्च, 1949 को देश के पहले गृहमंत्री लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता से नए राजस्थान की सुदृढ़ नींव रखी गई। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष 2025 में इस गौरवशाली परंपरा को पुनर्थापित करते हुए 30 मार्च के स्थान पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही राजस्थान दिवस मनाए जाने की शुरूआत की।

राजस्थान ने इस बार नव संवत्सर वि.सं. 2083 की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (19 मार्च) को प्रदेश की विरासत, अवसर एवं संभावनाओं के परिचायक के रूप में अपना स्थापना दिवस मनाया। राज्य सरकार द्वारा इस विशेष दिवस के उपलक्ष्य में 14 से 19 मार्च तक आयोजित कार्यक्रमों ने एक ओर जहां प्रदेश के गौरवशाली अतीत को प्रभावी ढंग से संरक्षित और पुनर्स्थापित करने का काम किया, वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी कार्यों से खुशहाल वर्तमान एवं सुनहरे भविष्य के प्रति आश्वस्त भी किया।

**अतीतः** जड़ों से जुड़ाव, परंपरा एवं संस्कृति की सशक्त अभिव्यक्ति : राजस्थान दिवस 2026 के आयोजनों में प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक पहचान को केंद्र में रखते हुए परंपरा को नए संदर्भों में प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 15 मार्च को नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में 'राजस्थान उत्सव 2026' का शुभारंभ किया। इस आयोजन ने प्रदेश की लोककला, हस्तशिल्प, लोक संगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक व्यंजनों की समृद्ध झलक को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया। वहीं, 19 मार्च को आयोजित राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय भव्य सांस्कृतिक संध्या इस विरासत का चरम रूप रही, जहां लोक कलाकारों ने राजस्थान की जीवंत परंपराओं को साकार किया।

राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति में जयपुर के गोविंददेव जी मंदिर में आयोजित महाआरती और प्रदेशभर के राजकीय मंदिरों में हुए विशेष धार्मिक ने प्रदेशवासियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का काम किया। इसी तरह ज्ञान, तकनीक और नवाचार पर आधारित राजस्थान को जानें डिजिटल क्विज के माध्यम से युवाओं एवं नागरिकों को प्रदेश के गौरवशाली इतिहास एवं कला-संस्कृति से रूबरू होने का अवसर मिला।

**वर्तमानः** सामाजिक सरोकार, सुशासन और समावेशी विकास को नई दिशा : राज्य सरकार ने इन कार्यक्रमों में सामाजिक सरोकारों के साथ ही वर्तमान की दृष्टि से जनकल्याण, सुशासन और समावेशी विकास को प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री ने 14 मार्च को स्वच्छता संकल्प एवं जागरूकता कार्यक्रम में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा 15 मार्च को राज्य स्तरीय 'विकसित राजस्थान रन-2026' में सहभागिता कर युवाओं को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन शैली अपनाने का आव्हान किया। इसी कड़ी में 16 मार्च को डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम में मनाए गए राजस्थान जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनजातीय क्षेत्रों को 1 हजार 902 करोड़ रुपये के 326 विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास की सौगात दी। वहीं, उन्होंने 19 मार्च को राजस्थान रोडवेज की 207 नवीन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**भविष्यः** नव शक्ति, निवेश एवं नवाचार की आधारशिला

भविष्य के कर्णधार युवाओं को नई दिशा देने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए राज्य सरकार ने 17 मार्च को राजस्थान युवा शक्ति दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता और खेल से जुड़े 485 करोड़ रुपये के विभिन्न कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने 403 स्टार्टअप्स को वायबिलिटी गैप का 1 हजार 145 लाख रुपये का फंड का वितरण किया तथा 9 हजार 432 युवाओं को कौशल उन्नयन प्रमाण पत्र भी सौंपे। राजस्थान को औद्योगिक और तकनीकी हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में मुख्यमंत्री ने 18 मार्च को उद्यमी संवाद समारोह में इंडस्ट्रियल पार्क प्रमोशन पॉलिसी, राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस और राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी का अनावरण किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से रीको औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास से जुड़े 119 करोड़ रुपये लागत के 40 कार्यों का लोकार्पण और 226 करोड़ रुपये के 46 कार्यों का शिलान्यास भी किया गया। साथ ही, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार और विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र तथा जोधपुर-पाली-मारवाड़ और बूढ़ी बावल औद्योगिक क्षेत्रों के आरक्षण पत्र सहित लीज डीड और अलॉटमेंट लेटर भी प्रदान किए गए। शर्मा ने राजस्थान दिवस के अवसर पर 19 मार्च को नई पहल करते हुए 'मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-वार्ड अभियान' का शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य ग्राम पंचायतों और शहरी वार्डों के विकास के लिए स्थानीय लोगों से सुझाव लेते हुए भविष्य की आवश्यकता के अनुसार मास्टर प्लान तैयार करना है, जो कि विकास की अवधारणा को विकेंद्रीकृत, जन सहभागिता और साक्ष्य-आधारित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इन आयोजनों की श्रृंखला में राज्य सरकार ने प्रदेश की समृद्ध विरासत को सहेजते हुए विकास यात्रा को गति दी और युवा शक्ति के माध्यम से भविष्य के सशक्त राजस्थान का स्पष्ट खाका प्रस्तुत किया। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया कि भविष्य का नया राजस्थान अपनी संस्कृति एवं परंपराओं पर गर्व की अनुभूति करने के साथ ही आधुनिक तकनीक, निवेश, कौशल और नवाचार के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं विकसित राज्य बनने की दिशा में अग्रसर है।

**–हेमेन्द्र सिंह,**
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी,**
**डीआईपीआर**

## डॉ. हरबंस सिंह दुआ निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

अजमेर, (कासं)। आधुनिक नाट्य कला संस्थान, अजमेर के द्विवार्षिक चुनाव बुधवार को लाखन मिनी थिएटर में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चुनाव के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए डॉ. हरबंस सिंह दुआ को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।

### खोया-पाया

राजस्थान आवासन मण्डल अजमेर की अजयनगर योजना का एक आवासीय मकान जिसका नम्बर 3/24 मूल आवंटी परमानंद पुत्र प्रेमचन्द्र का मूल कब्जा पत्र खो गया है जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा दी है जिसका एल आर नम्बर 3094062/2026 दिनांक 24/3/26 है जिस किसी को भी मिले तो निम्न फोन पर सूचित करें ललित पुत्र रोचीराम।

मो. 7427056180

### आम सूचना

मेरी माता ग्यारसी पत्नि हरचन्द जाति जाट निवासी ग्राम धोलपुरिया की मृत्यु दिनांक 12.5.1985 को मेरे निवास स्थान ग्राम धोलपुरिया में हो गई थी जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत कालानाड़ा में नहीं करवाया था अब मैं मेरी माता ग्यारसी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अराई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

-प्रार्थी- हरजी पुत्र हरचन्द जाति जाट निवासी ग्राम धोलपुरिया, तहसील अराई, अजमेर

### आम सूचना

मेरी पत्नी अफसाना पत्नी शेरू देशवाली निवासी गांव कुचील तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 18 सितम्बर 2024 को निवास स्थान पर हो गई। इनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसील कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो तहसीलदार के समक्ष आपत्ति दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होंगी। प्रार्थी-शेरू देशवाली पुत्र इकराम

### आम सूचना

मेरी मां सोनकी पत्नी घीसा जाति रावत निवासी बांसडा मेहरान (कुचील) तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 5 दिसम्बर 2008 को निवास स्थान पर हो गई। इनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसील कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो तहसीलदार के समक्ष आपत्ति दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होंगी। प्रार्थी-रामपाल पुत्र घीसा

### आम सूचना

मेरे पति नरपत सिंह पुत्र कानसिंह जाति रावणा राजपूत निवासी रामदेव कॉलोनी वार्ड नं 9 मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 12 सितम्बर 2019 को निवास स्थान पर हो गई। इनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसील कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो तहसीलदार के समक्ष आपत्ति दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होंगी। प्रार्थी-राजू कंवर पत्नी स्व नरपत सिंह

### अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की श्रीमती कमला पोसवानी पत्नी श्री परशोतम पेसवानी निवासी 18, सूर्योदय कॉलोनी, जैन मंदिर के पास, पुलिस लाईन, अजमेर, राजस्व ग्राम चौरसियावास के खसरा संख्या 1710 क्षेत्रफल 215.50 वर्ग गज के भूखंड की पत्रावली लीज होल्ड से फ्री-होल्ड पट्टे की कार्यवाही हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त प्रकरण में प्रथम लीज लीज होल्ड पट्टा श्रीमती सावित्री देवी टोपानी के नाम जारी है, श्रीमती सावित्री की मृत्यु दिनांक 15-06-2015 को हुई है जिसके पश्चात वरिसानों द्वारा रजिस्टर्ड हक त्याग के आधार पर श्री होलाराम टोपानी के नाम दिनांक 28-12-2025 को नामांतरण हुआ तत्पश्चात होलाराम द्वारा पावर रजिस्टर्ड रूपेश देवयानी को किया गया व रूपेश देवानी द्वारा विक्रय पत्र कमला पेसवानी को किया है। उक्त लीज-होल्ड से फ्री-होल्ड पट्टे की कार्यवाही के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को उक्त सम्बन्ध में आपति हो तो आम सुचना के 7 दिवस के भीतर जायेगी। अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टे की कार्यवाही कर दी जायेगी।

-(उपायुक्त)
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/177122
DATE :- 17.03.2026 रजि बेचना-नामा

### कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/14006 दिनांक-24-03-26

**सार्वजनिक सूचना**

श्री देवराज जैन पुत्र श्री फूलचन्द जी जैन निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 5/लोकाशाह नगर मकान नं. 301 का उत्तरी भाग क्षेत्रफल 75.00 वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर विकास कर रिकॉर्ड श्री हरीशचन्द्र काबरा पुत्र श्री गोपीचन्द जी के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा 28.05.1991, 27.11.1992, स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।

- आयुक्त, नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/177238
DATE :- 17.03.2026 रजि बेचान-नामा

### कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/14003 दिनांक-24-03-26

**सार्वजनिक सूचना**

श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री विशनदास जी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 6/महावीर गंज गली नं. 03 प्लाट नं. 26 व 27 का भाग प्रा नं. बी क्षेत्रफल 128.88 वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर नगरीय विकास कर रिकॉर्ड श्री जितेन्द्र करनावट पुत्र श्री भंवरलाल करनावट के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा 28.01.2026 स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।

- आयुक्त, नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/175306
DATE :- 27.02.2026 रजि बेचान-नामा

### कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/14002 दिनांक-24-03-26

**सार्वजनिक सूचना**

श्री आयुष तापडिया पुत्र श्री सत्यनारायण तापड़िया निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 3/आबादी सेदरिया क्षेत्रफल 244.49 वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर नगरीय विकास कर रिकॉर्ड श्री देवी किशन साहु पुत्र श्री गेंदालाल साहु के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा 16.01.2026 स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।

- आयुक्त, नगर परिषद ब्यावर

### कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की थोक तेलियान योजना के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या डी-1 व डी-2 खसरा संख्या 440मिन क्षेत्रफल 428.43 वर्गमीटर के आवंटी 1-श्री जवाहर लाल गार्गिया 2- श्री सुभाष चन्द्र गार्गिया पुत्रगण श्री भंवर लाल निवासी ए-7 वैशाली नगर, अजमेर है जिसमें से श्री सुभाष चन्द्र गार्गिया की मृत्यु दिनांक 17/8/2025 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1-श्रीमती साक्षी गार्गिया 2- श्रीमती आर्ची गार्गिया पुत्री स्व. श्री सुभाष चन्द्र गार्गिया निवासी वैशाली नगर, अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती रूचि गार्गिया पुत्री स्व. श्री सुभाष चन्द्र गार्गिया निवासी आंध्र प्रदेश के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 22/08/2025 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई कार्यवाही स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

-प्रभारी अधिकारी नियमन,अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

### कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.

क्रमांक: न.प.कि./SDRC/2026/3326 **आम सूचना** दिनांक-25.03.26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या-913/1 पर स्थित अहिंसा विहार द्वितीय के आवासीय (भूखण्ड संख्या-08 क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज में से विखण्डित भूखण्ड क्षेत्रफल 100.00 वर्गगज) पर श्री हंस राज कुमावत पुत्र श्री नारायण कुमावत ने आवेदन प्रस्तुत कर उपविभाजन चाहा गया है।

उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में- अहिंसा विहार द्वितीय — पश्चिम- आम रास्ता 40 फीट
उत्तर में- भूखंड संख्या 08 का शेष 1/2 हिस्सा भू-भाग — दक्षिण- भूखण्ड संख्या-07

अतः उक्त उपविभाजन प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

- प्रभारी, नगर परिषद किशनगढ़

### कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 2324 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-09-3-26

राजस्थान आवासन मण्डन आवास संख्या 3-क-5, आनासागर सरक्यूलर रोड, अजमेर क्षेत्रफल 120.00 वर्ग मीटर मूल आवंटी गीताश्री दासगुप्ता पुत्री डॉ. एस. दासगुप्ता को आवंटित कर दिनांक 09.11.1983 को उक्त आवास का भौतिक कब्जा सौपा गया था। गीताश्री दासगुप्ता पुत्री डॉ. एस. वासगुप्ता द्वारा आवास का वैधान जरिये इकरारनामा मुख्त्यारनामा एवं वसीयतनामा के श्रीमती भारती दासगुप्ता पत्नि स्व. श्री समीर दासगुप्ता को कर दिया गया। मण्डल द्वारा दिनांक 18.07.1998 को श्रीमती भारती दासगुप्ता पत्नि स्व. श्री समीर दासगुप्ता के पक्ष में नियमितीकरण के आदेश जारी किये गये। श्रीमती भारती दासगुप्ता पत्नि स्व. श्री समीर दासगुप्ता द्वारा दिनांक 28.09.1998 को उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। श्रीमती भारती दासगुप्ता की मृत्यु दिनांक 07.11.2000 एवं उनके पति श्री समीर दासगुप्ता की मृत्यु दिनांक 18.08.1988 को हो जाने के कारण उनकी पुत्री अनुराधा दासगुप्ता पुत्री स्व. श्री समीर दासगुप्ता द्वारा मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अनुराधा दासगुप्ता के पक्ष में उनकी बहिन श्रीमती गीताश्री घर पुत्री स्व. श्री समीर दासगुप्ता एवं पति श्री शिशिर कुमार घर द्वारा रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र प्रस्तुत किया गया है। अब अनुराधा दासगुप्ता पुत्री स्व. श्री समीर दासगुप्ता ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। अनुराधा दासगुप्ता पुत्री स्व. श्री समीर दासगुप्ता का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अत. उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एव पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

-सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल,खण्ड-अजमेर

### कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) परबतसर जिला डीडवाना-कुचामन

क्रमांक: भू.अ./2026/566 **नोटिस** दिनांक-24.03.26

जरिये नोटिस सूचित किया जाता है कि मृतक विमला बोहरा पत्नि रमेशचन्द्र बोहरा निवासी परबतसर के द्वारा दिनांक 04.06.2015 के द्वारा एक अनरजिस्टर्ड वसीयत जो कि अपने पति रमेशचन्द्र बोहरा पत्नि मोहनलाल बोहरा (ब्राह्मण) के पक्ष में की गई है जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| क्र.सं. | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्रफल | हिस्सा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नडवा | 130,167 | 1.3244 | वसीयकर्ता का सम्पूर्ण हिस्सा |
| 2. | नडवा | 128,189 | 0.86 | वसीयकर्ता का सम्पूर्ण हिस्सा |
| 3. | परबतसर | 1118,1193,1120 | 3.19 | वसीयकर्ता का सम्पूर्ण हिस्सा |
| 4. | परबतसर | 1107 | 0.98 | वसीयकर्ता का सम्पूर्ण हिस्सा |
| 5. | मालास गुसाईया | 797/500<br>798/500<br>799/500<br>800/500 | - | वसीयकर्ता का सम्पूर्ण हिस्सा |
| 6. | मकराना | 46 | 0.16 | वसीयकर्ता का सम्पूर्ण हिस्सा |

उक्त प्रकरण 02/2026 राजस्थान भू-राजस्व अधि. 1956 की धारा 135(2) के अन्तर्गत विचाराधीन है। उक्त प्रकरण किसी को भी किसी प्रकार आपत्ति हो तो 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को समक्ष प्रस्तुत करें।

-तहसीलदार (भू.अ.) परबतसर, डीडवाना कुचामन

# लायंस क्लब रीजन 4 कॉन्फ्रेंस 'संकल्प 2026' का भव्य आयोजन

- वरिष्ठ लायंस मेंबर्स को मिला विशेष सम्मान
- जरूरतमंद लोगों की मदद करके निरंतर समाज सेवा के कार्यों में योगदान दे रहा है लायंस क्लबः लायन वी.के. लूथरा

भीलवाड़ा। लायंस क्लब जरूरतमंद लोगों की मदद करके निरंतर समाज सेवा के कार्यों में योगदान दे रहा है। संकल्प 2026 केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि समाज सेवा के नए आयाम स्थापित करने का एक मजबूत प्रयास है। लायंस क्लब का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सहायता पहुँचाना है और इसके लिए सभी सदस्यों का समर्पण अत्यंत आवश्यक है।

यह बात पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन वी.के. लूथरा (पटना), ने लायंस क्लब रीजन 4 द्वारा आयोजित रीजन कॉन्फ्रेंस 'संकल्प 2026' के समारोह को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने सभी सदस्यों से आ ान किया कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में लायनिज्म की सेवा भावना, नेतृत्व और समाज के प्रति जिम्मेदारी पर प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व लायंस क्लब रीजन 4 द्वारा आयोजित रीजन कॉन्फ्रेंस 'संकल्प 2026' का भव्य एवं सफल आयोजन संपन्न हुआ। रीजन कॉन्फ्रेंस 'संकल्प 2026' ने सभी सदस्यों में सेवा, समर्पण और नेतृत्व की नई ऊर्जा का संचार किया। इस सम्मेलन में 300 से अधिक लायंस सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि रही। की-नोट स्पीकर के रूप में लायन विष्णु बाजोरिया (कोलकाता) पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर ने अपने अनुभव साझा करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संदेश दिया। वहीं गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में लायन दिलीप तोषनीवाल (पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3233 ई-2) एवं लायन निशांत जैन (वीडीजी) की गरिमामयी उपस्थिति रही। रीजन चेयरमैन एमजेएफ लायन विनोद सिंघवी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए लायनिज्म की सेवा भावना को और मजबूत बनाने का आ ान किया। साथ ही उन्होंने रीजन के वरिष्ठ लायंस मेंबर्स को विशेष सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान सेवा गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर चर्चा के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले लायंस सदस्यों को सम्मानित किया गया। प्रोठााम कन्वीनर लायन अजय अठावाल ने बताया कि वर्ष भर की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए एडवोकेट लायन पवन पंवार को 'लायन ऑफ द रीजन' सम्मान प्रदान किया गया। इसके साथ ही बेस्ट क्लब के रूप में लायंस क्लब भीलवाड़ा को सम्मानित किया गया। विभिन्न श्रेणियों में भी उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मान प्रदान किए गए, जिनमें प्लैटिनम जोन चेयरमैन लायन अंजली नैनावटी एवं लायन चांदमल सोमानी, प्लैटिनम प्रेसिडेंट लायन अनिल गग्गड़, डायमंड प्रेसिडेंट लायन अभिषेक खजांची, प्लैटिनम सेक्रेटरी राजेश ढाका, डायमंड सेक्रेटरी हनुमान अठावाल तथा प्लैटिनम ट्रेजरर लायन पुरुषोत्तम परियानी शामिल रहे। आईटी टीम के लायन चन्द्रदीप सिंह चौहान ने बताया कि इस वर्ष डिस्ट्रिक्ट में पहली बार ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई, जिससे रिकॉर्ड भागीदारी संभव हो सकी। होस्ट क्लब लायंस क्लब भीलवाड़ा प्रताप द्वारा वर्तमान समय की सबसे बड़ी समस्या 'मोबाइल की लत' के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु बैनर एवं तख्तियों के माध्यम से प्रभावी संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन लायन सीए नवीन वागरेचा द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न क्लबों से आए लायंस सदस्यों, पदाधिकारियों और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

# पूज्य गुरूदेव हुक्मीचंदजी का जो ध्यान करे सुख शांति व रिद्धि सिद्धि से उसके भंडार भरे

- बीएसएल परिसर में साध्वी कुमुदलताजी म.सा. के सानिध्य में पूज्य हुक्मीचंदजी म.सा. के छंद का जाप

भीलवाड़ा। अनुष्ठान आराधिका ज्योतिष चन्द्रिका महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में बुधवार को अनुष्ठान आराधना में गच्छाधिपति आचार्य हुक्मीचंदजी म.सा. के छंद का जाप कराया गया तो आराधना एवं गुरू भक्ति का ऐसा रंग जमा तो पूरा वातावरण आध्यात्मिक उर्जा से परिपूर्ण हो गया। चित्तौड़गढ़ राजमार्ग स्थित बीएसएल लि.मण्डपम के परिसर में अनुष्ठान आराधना में महासाध्वी मण्डल ने "पूज्य हुक्मीचंदजी म.सा. के छंद के जाप के माध्यम से उनके प्रेरणादायी जीवन गाथा एवं गुणों की महिमा की स्तुति कराई।

भक्ति आराधना के इस संगम में शामिल होने के लिए भीलवाड़ा ही नहीं आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से श्रावक-श्राविकाएं पहुंचे ओर शुद्ध भावों के साथ इस छंद का जाप किया तो पूरा वातावरण पवित्र एवं पावन हो गया। इस जाप के माध्यम से बताया गया कि आचार्य हुक्मीचंदजी म.सा. तप त्याग की प्रतिमूर्ति ऐसे महान संत थे जिनकी सेवा में देवता मौजूद रहते थे। उन्होंने 21 वर्ष तक बेला तप की साधना ओर मीठे का त्याग कर दिया। उनका सम्पूर्ण जीवन हमारे लिए प्रेरणादायी ओर अनुकरणीय है। उनका नाम लेने से ही जीवन में सुख शांति मिलती है ओर भण्डार रिद्धि सिद्धि से भर जाते है। अनुष्ठान के शुरू में महासाध्वी मण्डल के सानिध्य में श्री व्रज पंज्जर स्तोत्र की आराधना की गई। महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. ने अनुष्ठान का लाभ प्राप्त करने वाले बीएसएल परिवार के प्रति हार्दिक मंगलभावनाएं व्यक्त की। अनुष्ठान में स्वर साम्राज्ञी महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा., वास्तुशिल्पी साध्वी पद्मकीर्तिजी म.सा., विद्याभिलाषी साध्वी राजकीर्तिजी म. सा. ने श्रद्धापूर्वक आराधना कराई। अनुष्ठान के शुरू में लाभार्थी प्रवीण जैन एव बीएसएल परिवार, अतिथियों द्वारा नवकार मंत्र चौकी की विधिपूर्वक स्थापना की गई। अलका जैन एवं बीएसएल महिला क्लब की सदस्यों ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। जीतो के वाइस प्रेसीडेंट समाजसेवी महावीरसिंह चौधरी ने महासाध्वी मण्डल के पुनः भीलवाड़ा पधारने पर कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि 22 जुलाई को इंदौर में चातुर्मासिक प्रवेश के दौरान भीलवाड़ावासियों को अधिकतम संख्या में वहां उपस्थित रहने की भावना रखनी है। एसएन गग्गड़ ने जैन दिवाकर चौथमलजी म.सा. की स्तुति में आरती प्रस्तुति की। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी महावीरसिंह चौधरी, पुलिस उप अधीक्षक जितेन्द्रसिंह मेड़तिया, सुरेश अरोड़ा, नाकोड़ा धाम सादी के नाकोड़ा धाम के पुजारी धनराज शर्मा, दौलतमल भड़कत्या, राजेन्द्र सुराना, अनिल कोठारी, डीके चौधरी, चित्तौड़गढ़ के उमेश जैन आदि का स्वागत बीएसएल के डायरेक्टर प्रवीण जैन ने किया।

# गौरैया संरक्षण के लिए संस्थान की पहल

अजमेर, 25 मार्च, (कासं)। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा गौरैया संरक्षण के लिए सराहनीय पहल करते हुए विभिन्न स्थानों पर चिड़ियाघर (नेस्ट बॉक्स) और दानापात्र लगाए गए। यह कार्यक्रम संस्था द्वारा संचालित पाठशालाओं-लामना, लीडी, पाबूथान और जेठाना में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के तहत छायादार वृक्षों पर कुल 20 चिड़ियाघर और 20 दानापात्र लगाए गए, जिससे गौरैया को सुरक्षित आश्रय और पर्याप्त भोजन उपलब्ध कराया जा सके।

प्रोग्राम कॉर्डिनेटर तोताराम उदयवाल ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य गौरैया की घटती संख्या को रोकना और उसके संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि तेजी से विलुप्त होती इस पक्षी प्रजाति के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेंटर इंचार्ज डिम्पल, प्रेरणा, विनीता, कविता, संतोष और जितेंद्र मेघवंशी का विशेष योगदान रहा।

# डॉ. अरविंद शर्मा बने पाली भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी

- डॉ. शर्मा की नियुक्ति का उद्देश्य जिले में पार्टी के सूचना तंत्र को आधुनिक बनाना और संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करना है।

अजमेर/ पाली, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अरविंद शर्मा को पाली जिले का जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति मदन राठौड़ के निर्देशानुसार की गई है।

डॉ. शर्मा की नियुक्ति का उद्देश्य जिले में पार्टी के सूचना तंत्र को आधुनिक बनाना और संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करना है। उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना उनका मुख्य लक्ष्य रहेगा। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया, आईटी और मीडिया विभाग के बीच तालमेल मजबूत कर पार्टी की नीतियों और विचारों को प्रभावी रूप से जनता तक पहुँचाया जाएगा। इसके साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक डिजिटल और वैचारिक रूप से सशक्त बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

डॉ. शर्मा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी और भजनलाल शर्मा की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं ऐतिहासिक निर्णयों को जन-जन तक पहुँचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचार का तथ्यों के साथ जवाब देकर जनता को वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का वे पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। पाली जिला प्रदेश अध्यक्ष का गृह क्षेत्र होने के कारण यहां संगठन को मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से आदर्श स्वरूप देना उनका लक्ष्य रहेगा।

# पोल्ट्री फार्म संचालकों का प्रदर्शन

अजमेर, (कासं)। अजमेर में लघु कुक्कुट किसान संघर्ष समिति राजस्थान के पदाधिकारियों एवं पोल्ट्री फार्म संचालकों ने बिजली विभाग की नीतियों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अजमेर डिस्कॉम मुख्यालय पहुंचकर विरोध जताया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि सिंगल फेज पोल्ट्री कनेक्शन धारक किसानों को पूर्व की भांति एग्रीकल्चर श्रेणी में ही रखा जाए। साथ ही ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर की जा रही कथित अवैध बकाया वसूली पर तुरंत रोक लगाई जाए। पोल्ट्री फार्म संचालकों ने बताया कि पहले उनके बिजली कनेक्शन एग्रीकल्चर श्रेणी में होने के कारण उन्हें किफायती दरों पर बिल मिलता था, लेकिन अब विभाग द्वारा इन कनेक्शनों को कमर्शियल (एनडीएस) श्रेणी में परिवर्तित कर दिया गया है। इससे बिजली बिल में भारी बढ़ोतरी हुई है। जहां पहले हजारों रुपये का बिल आता था, वहीं अब लाखों रुपये के बिल जारी किए जा रहे हैं, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति डगमगा गई है। संचालकों का आरोप है कि करीब 9 वर्ष पूर्व हुए श्रेणी परिवर्तन के नाम पर अब पुराने बकाया की भी वसूली की जा रही है। कई किसानों पर 3 लाख से लेकर 7 लाख रुपये तक की राशि बकाया बताई जा रही है, जिससे वे आर्थिक संकट में फंस गए हैं। प्रदर्शन कर रहे किसानों का कहना है कि बकाया जमा नहीं कराने पर बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं। भीषण गर्मी के चलते बिजली आपूर्ति बाधित होने से पोल्ट्री फार्म में पाली जा रही मुर्गियों की मौत हो रही है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## सार-समाचार

### एडीए की वेयरहाउस योजना सिलोरा को रेरा की मंजूरी

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर विकास प्राधिकरण (एडीए) की एक और महत्वपूर्ण योजना को राजस्थान रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) से अनुमोदन मिल गया है। प्राधिकरण की वेयरहाउस/गोदाम योजना सिलोरा (किशनगढ़) को रेरा द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने से क्षेत्र में औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है। प्राधिकरण आयुक्त नित्या के. ने बताया कि यह योजना राष्ट्रीय राजमार्ग-79 पर किशनगढ़-नसीराबाद हाईवे, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना के अंतर्गत राजस्व ग्राम सिलोरा के खसरा नंबर 209/136 में लगभग 31.418 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित की जा रही है। योजना के तहत 73 वेयरहाउस, 7 बड़े व्यावसायिक भूखंड, 90 इनफॉर्मल शॉप्स, पेट्रोल पंप, ईवी चार्जिंग स्टेशन और धर्मकांटा जैसी सुविधाएं प्रस्तावित हैं। आधारभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए योजना में 13,413 वर्गमीटर क्षेत्र सुविधाओं के लिए, 12,887 वर्गमीटर सार्वजनिक उपयोगिता, 16,601 वर्गमीटर पार्क एवं फायर फाइटिंग, 16,494 वर्गमीटर पार्किंग तथा 83,781 वर्गमीटर सड़क निर्माण के लिए आरक्षित किया गया है। इस परियोजना से दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर पर संचालित लॉजिस्टिक वाहनों को विशेष लाभ मिलेगा, वहीं किशनगढ़ के मार्बल उद्योग, औद्योगिक क्षेत्रों और रीको क्षेत्र से जुड़े व्यापारी भी लाभान्वित होंगे। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग क्षेत्र में व्यावसायिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। प्राधिकरण द्वारा पिछले डेढ़ वर्ष में अटल आवासीय योजना चाचियावास, श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर योजना माखुपुरा, ट्रांसपोर्टेशन हब योजना तोलामाल किशनगढ़, तीर्थराज पुष्कर फार्म हाउस योजना कानस, ब्रह्मा एन्क्लेव रिसोर्ट योजना तथा पुष्कर वेडिंग डेस्टिनेशन रिसोर्ट एवं फार्म हाउस योजना का भी रेरा में पंजीयन कराया जा चुका है। इन योजनाओं में भूखंड आवंटन एवं ऑनलाइन नीलामी की प्रक्रिया जारी है। इसके अतिरिक्त पृथ्वीराज नगर योजना के विभिन्न ब्लॉकों में व्यावसायिक विकास कर ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से लगातार आवंटन किया जा रहा है। इन नई योजनाओं में आमजन की बढ़ती रुचि देखने को मिल रही है। प्राधिकरण आयुक्त नित्या के. ने बताया कि अजमेर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए नई योजनाओं को धरातल पर लाने के प्रयास लगातार जारी हैं।

### गणेश शंकर विद्यार्थी के बलिदान दिवस पर विचार गोष्ठी, दी श्रद्धांजलि

**अजमेर, (कासं)।** भारतीय मजदूर संघ, जिला अजमेर द्वारा क्रांतिकारी पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी के बलिदान दिवस पर हाथी भाटा स्थित कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, भगवान विश्वकर्मा और दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपिका मकवाना ने की। प्रारंभ में भोलानाथ आचार्य ने गणेश शंकर विद्यार्थी के जीवन पर प्रकाश डाला, जबकि मुख्य वक्ता हरिमोहन शर्मा ने उनके योगदान को विस्तार से बताते हुए कहा कि विद्यार्थी ने मेवाड़ के ऐतिहासिक बिजोलिया आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि 'प्रताप' समाचार पत्र के माध्यम से विद्यार्थी ने आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाया, जिससे महात्मा गांधी सहित राष्ट्रीय नेताओं का ध्यान इस ओर आकर्षित हुआ। 25 मार्च 1931 को कानपुर के दंगों के दौरान मानवता की रक्षा करते हुए उन्होंने अपने प्राणों का बलिदान दिया, जो सामाजिक सौहार्द का अद्वितीय उदाहरण है। कार्यक्रम में विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लेकर सामाजिक समरसता और भाईचारे पर अपने विचार व्यक्त किए। संभाग संगठन मंत्री विनीत कुमार जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वपंथ समादर मंच के तहत जैन, ईसाई, सिख, बौद्ध एवं अन्य समाजों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री धर्मेन्द्र हिंगोनिया ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




# अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण बीकानेर के "बॉल क्ले" व्यवसाय पर संकट

## बीकानेर की क्ले खदानों से रोज 400 ट्रक निकलते थे, अब 50-60 ही गुजरात के मोरबी जा रहे हैं

- **मोरबी में ईंधन के रूप में इस्तेमाल की जा रही गैस की किल्लत के कारण टाइल्स और सिरेमिक उत्पाद की करीब 600 फैक्ट्रियां बंद**
- **बीकानेर का क्ले व्यवसाय पूरी तरह लड़खड़ाया, प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से करीब सात लाख लोगों पर रोजगार का संकट खड़ा हुआ**

**बीकानेर,** (निसं)। अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध ने बीकानेर के "बॉल क्ले" व्यवसाय पर संकट खड़ा कर दिया है। गुजरात के मोरबी में ईंधन के रूप में इस्तेमाल की जा रही गैस की किल्लत के कारण टाइल्स और सिरेमिक उत्पाद की करीब 600 फैक्ट्रियां बंद हो गई हैं, जिससे वहां के व्यवसायियों ने ऑर्डर कैंसिल कर बीकानेर से क्ले मंगाना बंद कर दिया है। बीकानेर से रोजाना 400 ट्रक क्ले गुजरात जाते थे और अब 50-60 ही रह गए हैं।

टाइल्स और अन्य सिरेमिक उत्पाद के लिए सबसे जरूरी खनिज "बॉल क्ले" की बीकानेर में करीब 241 खानें हैं। यहां से हर साल 40 लाख टन क्ले गुजरात के सिरेमिक हब मोरबी भेजी जाती है, जहां टाइल्स और अन्य सिरेमिक उत्पाद तैयार किए जाते हैं। इससे मोरबी में सालाना 60 हजार करोड़ रुपए का टर्नओवर होता है। पिछले 25 दिन से चल रहे युद्ध के कारण मोरबी में गैस की आपूर्ति बाधित हो गई। अब फैक्टरी मालिकों ने बीकानेर के खान मालिकों को माल भेजने से मना कर दिया है। अब 50-60 ट्रक ही मोरबी जा रहे हैं। ये गाड़ियां भी मोरबी में वे लोग मंगा रहे हैं, जिनकी फैक्ट्रियों में गैस का स्टॉक था। अगर युद्ध लंबा चला तो बीकानेर से क्ले का डिस्पैच पूरी तरह बंद हो जाएगा। बीकानेर का क्ले व्यवसाय पूरी तरह लड़खड़ा गया है। प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से करीब 7 लाख लोगों पर रोजगार का संकट खड़ा हो गया है।

देश में करीब सिरेमिक टाइल्स बनाने वाली 1000 इकाइयां हैं, जिनमें से अधिकांश गुजरात के मोरबी में ही हैं। करीब 25 इकाइयां राजस्थान सहित अन्य राज्यों में हैं। प्रत्येक इकाई रोजाना औसतन 20,000 वर्ग मी. टाइल्स का उत्पादन करती है। इसके लिए रोजाना 25 मीट्रिक टन पेट्रोलियम गैस की आवश्यकता होती है। आपूर्ति में रुकावट से उत्पादन की लागत बढ़ गई है। फैक्ट्रियां बंद होने से बड़ा आर्थिक और रोजगार संकट खड़ा हो रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय शिपिंग लागत में भारी वृद्धि हो गई है। डॉलर महंगा होने और ईंधन लागत बढ़ने से आयातित कच्चे माल महंगे हो गए हैं। सिरेमिक उत्पाद का 30 प्रतिशत निर्यात होता है।

क्ले व्यवसायी राजेश चूरा का कहना है कि हालात नहीं सुधरे तो जल्दी ही खानें बंद करने की नौबत आ जाएगी। अगर ऐसा हुआ तो करीब 7 लाख लोग प्रभावित होंगे। क्ले की एक खान से कम से कम 3000 लोगों का रोजगार जुड़ा है। बीकानेर में 241 खानें हैं तो उनसे जुड़े लोगों के रोजगार पर संकट खड़ा हो जाएगा। मोरबी के जो फैक्टरी मालिक 50-60 गाड़ियां क्ले मंगा रहे हैं, वो भी जल्दी ही बंद कर देंगे।

मनोज एरवाड़ियां, सिरेमिक एसेसिएशन अध्यक्ष, मोरबी, गुजरात ने बताया कि मोरबी में टाइल्स और सिरेमिक की करीब 600 इकाइयां बंद कर दी गई हैं। जब तक गैस की किल्लत दूर नहीं हो जाती, इन्हें शुरू करना मुश्किल होगा। बीकानेर के क्ले व्यवसायियों को डिस्पैच रोक देने के लिए कहा गया है। जिन फैक्ट्रियों में गैस का स्टॉक है, केवल वही क्ले मंगा रहे हैं। गैस आपूर्ति शुरू सुचारू होने के बाद भी सिरेमिक व्यवसाय पटरी पर आने में 4-6 माह का समय लगेगा।

एमपी पुरोहित, खनि अभियंता, बीकानेर का कहना है कि रवन्ना और उत्पादन के आंकड़ों के मुताबिक क्ले का डिस्पैच सामान्य से कम होता जा रहा है। इसका बड़ा कारण मोरबी में सिरेमिक इकाइयों का बंद होना है।

# युवती की संदिग्ध मौत, युवक हिरासत में

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के एक होटल में मंगलवार को एक युवती की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी, जिसका एमजीएच में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया। संदेह है कि युवती से दुष्कर्म किए जाने से उसकी मौत हो गई। मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता लग पाएगा। पुलिस ने होटल में उसके साथ ठहरे युवक को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ जारी है। दोनों ग्रामीण परिवेश से है। मृतका के भाई की तरफ से दुष्कर्म और हत्या किए जाने की आशंका में केस दर्ज कराया गया है।

उदयमंदिर थानाधिकारी सीताराम खोजा ने बताया कि मंगलवार को एक होटल में युवती संदिग्ध मौत की जानकारी पर पुलिस वहां पर पहुंची थी। शव को बाद में एमजीएच मोर्चरी में रखवाया गया, जिसका आज मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया।मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता लग पाएगा। मृतका के भाई ने एक युवक पर जोकि होटल में उसकी बहन के साथ रूका था, उस पर दुष्कर्म और हत्या की आशंका में रिपोर्ट दी है। थानाधिकारी ने बताया कि संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**नापासर,** (निसं)। रेलवे स्टेशन के पास बुधवार दोपहर अज्ञात व्यक्ति अचेत अवस्था में मिला। उसे राजकीय चिकित्सालय नापासर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, करीब 50 वर्षीय यह व्यक्ति मुसाफिरखाने के सामने बेहोशी की हालत में पड़ा मिला था। आसपास के लोगों ने तुरंत नापासर पुलिस और एम्बुलेंस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर नापासर थाना पुलिस के ड्यूटी ऑफिसर रिखब दास मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई की।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय- राजकीय महाविद्यालय करौली (322241)**

Email ID-pgcollogokarauil@gmail.com

क्रमांक-2025-26/519 दिनांक-16.03.2026

**(E-tender NIB No. 02/2025-26)**

Sealed Single Stage Two-envelopes and unconditional online Bids for Rate contract for upto 31.03.2027 provide "Un-Skilled, Semi-Skilled, Skilled And Highty sKilled manpower for Government College, Karuli are invited from interested bidders upto 27.03.2026 at 01.00 PM Other particulars of the bid may be visited on the Procurement Portal (http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in) of the state. The approximate value of the procurement is Rs. 25 Lakh.

UBN NO. ECD2526SLOB00624

Principal
Government College, Karauli

DIPR/C/5759/2026



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड रामगंज मण्डी (जिला कोटा)**

क्रमांक-1349 दिनांक-18.03.2026

**निविदा सूचना संख्या 23/2025-2026**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सडक/भवन कार्यो के उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के "ए" "बी" "सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा निम्न कार्यो की आमंत्रित की जाती है।
निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट "www.diproline.org." "www.eproc.rajasthan.gov.in" तथा "www.pwd.rajasthan.gov.in" पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।
1. PWD2526WSOB25949, 2. PWD2526WSOB25950, 3. PWD2526WSOB25951
4. PWD2526WSOB25952, 5. PWD2526WSOB25953

(आर.के.मीणा)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड रामगंज मण्डी

DIPR/C/5939/2026


# पोकरण : सड़क दुर्घटना में दो की मौत, आठ घायल

## चाचा गांव के नजदीक बोलेरो कैंपर अनियंत्रित होकर पलट गई

- **सड़क पर अचानक आई गाय को बचाने के प्रयास में हुआ हादसा**

**पोकरण,** (निसं)। पोकरण के पास चाचा गांव के नजदीक बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में बोलेरो कैंपर अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन में दस लोग सवार थे। घायलों में 4 महिलाएं, 3 पुरुष और 1 बच्चा शामिल हैं। हादसा सड़क पर अचानक आई गाय को बचाने के प्रयास में हुआ, जिसमें तेज रफ्तार के चलते चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी पलट गई। हादसे में मृतकों की पहचान गोर्धन सिंह और गोपाल सिंह के रूप में हुई है। सभी घायल थईयात गांव के निवासी बताए जा रहे हैं, जो रामदेवरा से एक शोक सभा में शामिल होकर लौट रहे थे। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को निजी वाहनों और एम्बुलेंस के जरिए तुरंत पोकरण के उपजिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को इलाज के लिए जोधपुर रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का उपचार पोकरण में जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

# ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक की मौत

**कोटा,** (निसं)। सिमलिया थाना इलाके में नहर निमार्ण कार्य के दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटी खा गया। हादसे में घायल हुए चालक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार उत्तरप्रदेश निवासी रामवीर कोटा में मजदूरी के लिये आया था। रामवीर ट्रैक्टर चालक था, जो सिमलिया क्षेत्र में चल रहे नहर निमार्ण में कार्य के दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटी खा गया, जिसके नीचे दबने से चालक रामवीर गंभीर रूप से घायल हो गया। रामवीर को घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। सिमलिया थानाधिकारी नन्द सिंह ने बताया कि उत्तरप्रदेश निवासी रामवीर नहर निर्माण साईट पर ट्रैक्टर चलाने का काम करता था।, ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक उसके नीचे दब गया, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

# श्रीगंगानगर में 'रेबीज' से डॉग के मालिक की मौत

## दस दिन पहले कुत्ते (श्वान) की भी मौत हो गई थी, संपर्क में आने से युवक को भी रेबीज हो गया था

- **युवक हवा-पानी से डरने लगा था, अस्पताल में भी आक्रामक हो गया**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। यहां पालतू कुत्ते के काटने के बाद रेबीज से उसके मालिक की भी मौत हो गई। इससे 10 दिन पहले कुत्ते (श्वान) की भी मौत हो गई थी। युवक हवा, पानी से डरने लगा था। युवक की तबीयत बिगड़ने के बाद उसे अस्पताल लाया गया था, जहां वह असामान्य व्यवहार करने लगा, इसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद एहतियात के तौर पर युवक के परिजनों को रेबीज के इंजेक्शन लगाए गए हैं। बेड और स्ट्रेचर को भी बाहर निकाल कर रखा गया है।

जानकारी के अनुसार, श्रीगंगानगर के रहने वाले युवक ने घर में कुत्ता पाला हुआ था। कुत्ते को रेबीज था, इसके चलते उसके कुत्ते की 10 दिन पहले ही मौत हो गई थी। इसके संपर्क में आने से युवक को भी रेबीज हो गया। इसके बाद बुधवार को युवक की तबीयत बिगड़ने लगी। रेबीज के लक्षण नजर आने लगे और पागलों जैसी हरकतें, बेचैनी और असामान्य व्यवहार करने लगा। परिजन उसे श्रीगंगानगर के सरकारी हॉस्पिटल में ले गए। जानकारी के अनुसार, अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचते ही मरीज की हालत और बिगड़ गई। डॉक्टरों की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पीएमओ डॉ. सुखपाल सिंह बराड़ सहित आधा दर्जन डॉक्टरों ने मरीज को देखा, लेकिन रेबीज की आक्रामक स्टेज में इलाज संभव नहीं हो पाया। इमरजेंसी रूम में ही युवक की मौत हो गई।

पीएमओ डॉ. सुखपाल सिंह बराड़ ने बताया कि परिजनों ने बताया था कि ये हवा-पानी से डरने लगा था और आक्रामक भी हो गया था। मरीज के साथ आए परिजनों को तुरंत रेबीज बचाव इंजेक्शन लगाए गए हैं। इमरजेंसी कक्ष को हाइपो से साफ करवाया गया। बैड और स्ट्रेचर को बाहर निकालकर सैनिटाइज किया गया। शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। गुरुवार को शव का पोस्टमॉर्टम किया जाएगा।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग जालोर**

नर्मदा कॉलोनी, समाज कल्याण विभाग के पीछे जालोर (राज.). ई-मेल-dcpujalore@gmail.com

क्रंमाकः-जि.बा.सं.इ./ जालोर / 2025-26/733 दिनांकः-17.03.2026

**ई-निविदा सूचना सं. 01/2025-26**

कार्यालय सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई एंव बाल अधिकारिता विभाग जालोर के अधीन संचालित चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 (24x7) सेवा के संचालन हेतु एक वर्ष के लिए जॉब बेसिस पर मानव संसाधन (प्रोजेक्ट मेनेजमेंट यूनिट) उपलब्ध कराने हेतु ई-निविदा के माध्यम से पंजीकृत / रजिस्टर्ड संवेदक / बोलीदाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है।
ई-निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. स. | जॉब बेसिस पदों का विवरण | जॉब बेसिस पदों की संख्या | अनुमानित वार्षिक लागत | बोली प्रतिभूति राशि (रूपये में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रूपये में) | ई- निविदा प्रकिया शुल्क (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | project coordinator | 01 | 20.88 लाख | 41,760/- | 500/- | 500/- |
| 2 | counselor | 01 | | | | |
| 3 | child helpline supervisors | 03 | | | | |
| 4 | case worker | 03 | | | | |

NIB NO-CED2526A0114
UBN NO-CED2526SLOB00113

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | डाक्यूमेट डाउनलोड प्रारम्भ तिथि एवं समय | 17.03.2026 | सांय 5.00 बजे |
| 2 | बिड सबमिशन स्टार्ट तिथि एवं समय | 17.03.2026 | सांय 5.00 बजे |
| 3 | डाक्यूमेंट डाउनलोड की अंतिम तिथि एवं समय | 27.03.2026 | सांय 5.00 बजे |
| 4 | कार्यालय में प्रतिभूति राशि प्रोसेसिंग फीस एवं टेंडर फीस जमा कराने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.03.2026 | सांय 5.00 बजे |
| 5 | बिड समिशन की अंतिम तिथि एवं समय | 27.03.2026 | सांय 5.00 बजे |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 27.03.2026 | सांय 5.30 बजे |
| 7 | वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय | Will be intimte later to the Technically Qualified Bidders | |

निविदा सबंधी विस्तृत सूचना दस्तावेज मय शर्तें https://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर व डाउनलोड की जा सकती है। निविदा https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन आमत्रित की जाती है।
देखी तकनीकी निविदा उन्ही निविदादाताओं की खोली जायेगी जिनके द्वारा निविदा प्रतिभूति राशि का मूल डिमाण्ड ड्राफ्ट जो की Assitant Director, District Child Protection Unit & child Emp. Department Jalore के नाम एव जालोर में देय हो कार्यालय में भौतिक रूप से जमा कराया जायेगा तथा निविदा प्रपत्र शुल्क ऑनलाईन ई-ग्रास से चालान 500/- रूपये Assitant Director, District Child Protection Unit & child Emp. Department Jalore के नाम से एवं RISL ई निविदा प्रक्रिया शुल्क राशि ऑनलाईन ई-ग्रास से चालान 500/- रूपयें Managing Director, RISL, Jaipur Payable at Jaipur के नाम से हो निर्धारित तिथी एवं समय तक कार्यालय में प्रस्तुत कर दी गई होगी। यह निविदा निर्धारित तिथि व समय को जो निविदादाता उपस्थित होंगे, के समक्ष खोली जावेगी।
किसी बोली को स्वीकार / अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति को सम्पूर्ण अधिकार होगा। उक्त निविदा के अन्तर्गत चाहा गया कार्य पूर्णतः जॉब बेसिस आधार पर है और यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया जाता है कि उक्त जॉब बेसिस कार्य हेतु संवेदक द्वारा उपलब्ध करवाये जाने वाले जॉब बेसिस वर्कर भविष्य में स्थायीकरण / राज्य कर्मचारियों के समकक्ष वित्तीय अथवा अन्य परिलाभ प्राप्त करने हेतु किसी भी आधार पर विधिक अथवा प्रशासनिक रूप से अधिकृत नहीं होगें। यदि इस संदर्भ में जॉब बेसिस वर्करों द्वारा उक्तानुसार अंकित निर्देश व स्पष्टीकरण के विपरित कोई मांग अथवा विधिक दावा किया जाता है, तो उनके द्वारा किया जाने वाला ऐसा प्रयास अन्यथा प्रयोजनवश माना जाकर गैरकानूनी होगा और इसके लिए संबंधित संवेदक/फर्म/एजेंसी ही उत्तरदायी होगी, यह कार्यालय/विभाग किसी भी रूप में उत्तरदायी नहीं होगा। तकनीकी एंव वित्तीय निविदा खोलने की तिथि को अवकाश होने/घोषित होने पर अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जावेगी।

सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण ईकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग जालोर

DIPR/C/5867/2026


# श्रीगंगानगर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली

## कोलकाता के एक गलत एड्रेस से डाक के जरिए भेजे गए अज्ञात पत्र में चेतावनी दी गई थी

- **बीकानेर से बम निरोधक दस्ता कोर्ट पहुंचा और पूरे परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी**
- **बम निरोधक दस्ते की क्लियरेंस मिलने के बाद ही कोर्ट में कामकाज शुरू हो पाया**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। श्रीगंगानगर में कोर्ट कैंपस को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। कोलकाता के एक गलत एड्रेस से डाक के जरिए भेजे गए अज्ञात पत्र में कोर्ट को उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। बुधवार सुबह बीकानेर से बम निरोधक दस्ता कोर्ट पहुंच गया और पूरे परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी गई। एसपी समेत पुलिस जाब्ता भी मौके पर पहुंचा। डॉग स्क्वाड और बम निरोधक टीम ने कोर्ट के चप्पे-चप्पे की गहन तलाशी ली। सी और डी ब्लॉक के चैंबर, न्यायिक अधिकारियों के कक्ष समेत पूरे परिसर की जांच की गई। बम निरोधक दस्ते की क्लियरेंस मिलने के बाद ही कोर्ट में कामकाज शुरू हो पाया। पत्र भेजने वाले का पता लगाने के लिए सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। कोलकाता के एड्रेस का इस्तेमाल कर भेजे गए धमकी भरे पत्र की ट्रेसिंग के लिए सायबर सेल और पोस्टल विभाग की मदद ली जा रही है। इस घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हो गई है। कोर्ट परिसर में एंट्री और मोर्चा जांच कड़ी कर दी गई है। अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार, 15 दिन पहले यानी 10 मार्च को सुबह करीब 11:30 बजे श्रीगंगानगर के पासपोर्ट ऑफिस (पोस्ट ऑफिस परिसर में स्थित) को भी बम से उड़ाने की ई-मेल धमकी मिली थी। उस समय भी बीकानेर से बम निरोधक दस्ता बुलाया गया और पूरे परिसर की गहन तलाशी ली गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद अगले दिन ऑफिस ने सामान्य कामकाज शुरू कर दिया।

# महिला और किशोरी ने आत्महत्या की

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट के मथानिया और सदर कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला और किशोरी ने अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। संबंधित थाना पुलिस ने परिजन की तरफ से दर्ज कराई मर्ग रिपोर्ट पर कार्रवाई की और शव सुपुर्द किए। वहीं पुलिस ने मामले को लेकर जांच शुरु कर दी है।

मथानिया पुलिस ने बताया कि बिंजवाड़ियां की रहने वाली 28 वर्षीय भावना पत्नी टीकमराम माली ने अपने घर में फंदा लगा लिया। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। रिश्तेदार बस्सीनगर बड़ला बासनी ओसियां निवासी प्रेमाराम पुत्र कुंभाराम माली ने मर्ग में रिपोर्ट दी। दूसरी तरफ से सदर कोतवाली पुलिस ने बताया कि भीतरी क्षेत्र नया बास रामदेव की गली में रहने वाली 16 साल की किशोरी ने भी अपने घर में फंदा लगा लिया। पता लगने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। उसके रिश्तेदार ने मर्ग रिपोर्ट दी।

# जोधपुर में सूने घर से जेवर व सामान चोरी

## परिवार शादी समारोह में गांव गया हुआ था, पड़ौसी ने सूचना दी

- **दो किलो चांदी के आभूषण, चार तोला सोने के जेवर और चांदी के बर्तन चोरी**

**जोधपुर,** (कासं)। शहर की पुरानी आशापूर्णा टाउनशिप में एक सूने घर में चोरों ने सैंध लगाकर वहां से दो किलो चांदी के आभूषण, बर्तन के साथ सोने के आइटम चोरी कर ले गए। परिवार के लोग सीकर अपने गांव शादी समारोह में गए हुए थे। पड़ौसी ने घर के ताले टूटने की जानकारी दी। इस पर वे जोधपुर लौटे और अब एयरपोर्ट थाने में चोरी की रिपोर्ट दी है।

एएसआई भंवरराम ने बताया कि पुरानी आशापूर्णा टाउनशिप, शिकारगढ़ निवासी अक्षय प्रताप सिंह की तरफ से मामला दर्ज कराया गया। इसमें बताया कि वह परिवार सहित अपने गांव सीकर गया हुआ था, परिवार में शादी समारोह के चलते घर तकरीबन पांच-सात दिन से सूना था। इस बीच पड़ौसी ने सूचना दी कि घर के ताले टूटे पड़े है। यहां आने पर पता लगा कि चोरों ने सारा सामान बिखेर दिया और अलमारी बक्सों के ताले तोड़कर वहां से करीबन दो किलो चांदी के आभूषण, चार तोला सोने के जेवर और चांदी के बर्तन चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान में चांदी के बर्तन जैसे प्लेटें, कटोरी, गिलास, चम्मच के अलावा सोने की अंगूठी, चेन, ब्रेसलेट और चांदी की मूठ वाली तलवार शामिल है। एएसआई भंवरराम ने बताया कि परिवादी के पिता प्रोपर्टी का काम करते थे। परिवादी खुद पढ़ाई करता है, उसकी तरफ से मामला दर्ज कराया गया है।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय आबकारी आयुक्त, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक-F.32(B) (After Policy 2026-27)/EX/L/2026-06481-9018219/803

दिनांक-25.03.2026

**मदिरा दुकानों के कलस्टर (समूह) के अनुज्ञापत्र हेतु ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार की आज्ञा कमांक प.4 (1) वित्त/आब/2026 दिनांक 27 जनवरी, 2026 के द्वारा जारी आबकारी एवं मद्य-संयम नीति वर्ष 2025-29 में संशोधन के प्रावधानानुसार नवीनीकरण से शेष रहे मदिरा दुकानों के कलस्टर (समूह) की ऑनलाईन ई-नीलामी के लिये विभागीय वेबसाइट https://iems.rajasthan.gov.in पर निम्नानुसार ई-बोली आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | नीलामी की दिनांक | नीलामी का समय |
|---|---|---|
| 1 | 28-03-2026 | प्रातः 11.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक |

1. ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक बोलीदाता द्वारा विभागीय वेबसाइट https://iems.rajasthan.gov.in से अपने SSO ID के माध्यम से लॉगइन करते हुए विभागीय ई-ऑक्शन पोर्टल में निर्धारित प्रकियानुसार एक बारीय पंजीकरण करने उपरान्त ऑनलाइन नीलामी में भाग लिया जा सकेगा। इच्छुक बोलीदाता को ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व सर्वप्रथम राजस्थान सरकार के पोर्टल https://sso.rajasthan.gov.in पर "Citizen" केटेगरी के अन्तर्गत SSO ID बनाना होगा।
2. नीलामी एक कार्य दिवस में न्यूनतम पांच घण्टे की होगी एव उसके पश्चात् जब तक बोली लगती रहे तब तक 10 मिनट के अनन्त विस्तार (indefinite extension) तक जारी रहेगी।
3. बोलीदाता को कम से कम रू. 10,000/- अथवा रु. 10,000 के गुणांक मे बढ़ाकर बोली लगानी होगी।
4. बोलीदाता एक बार में रिजर्व प्राइस / पिछली बोली से 10 प्रतिशत से अधिक राशि बढ़ाकर बोली नही लगा सकेगा।
5. कलस्टर का जिलेवार एवं उनके आवेदन शुल्क, न्यूनतम रिजर्व प्राईस एवं अमानत राशि का विवरण विभागीय वेबसाईट https://iems.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध रहेगा।
6. ऑनलाईन नीलामी में SSO ID के माध्यम से भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक द्वारा कलस्टर का चयन कर आवेदन शुल्क एवं अमानत राशि यथासंभव नीलामी की तिथि से एक दिवस पहले रात 11.59 तक https://iems.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर बोलीदाता के ऑनलाईन भुगतान द्वारा इस वेबसाईट पर जमा हो जानी चाहिये। ऐसा करने से बोलीदाता विभिन्न प्रकार की तकनीकी समस्याओं से बच सकेंगे। ऑनलाईन भुगतान नही होने या अन्यथा तकनीकी कारणों से निर्धारित राशियां जमा नही होने के कारण बोली में भाग नही ले पाने के लिये आवेदक स्वंय जिम्मेदार होगा।
7. प्रत्येक कलस्टर के लिये ऑनलाईन निलामी में भाग लेने हेतु निर्धारित न्यूनतम रिर्जव प्राईस की 2 प्रतिशत राशि अमानत राशि के रूप में आवेदन के साथ जमा करायी जानी है। बिड राशि के अनुसार अतिरिक्त अमानत राशि (Dynamic Earnest Money) भी जमा करानी होगी।
8. सफल बोलीदाता को धरोहर राशि, अग्रिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेन्स फीस ई-नीलामी के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश एवं शर्तों, जो विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है, के अनुसार जमा करानी होगी।
9. निर्धारित समय में वांछित राशियाँ यथा धरोहर राशि, अग्रिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेंस फीस जमा न कराने पर स्वीकृति निरस्त कर समस्त जमा राशि जप्तराज की जायेगी।
10. वर्ष 2026-27 के पात्र अनुज्ञधारियों को वर्ष कमशः 2027-28 व 2028-29 के लिये निर्धारित शर्तों पर अनुज्ञापत्र नवीनीकरण का अवसर दिया जायेगा।
11. बोलीदाता को ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व विभागीय वेबसाईट https://iems.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 एवं नीति में संशोधन दिनांक 27.01.2026 तथा समस्त दिशा-निर्देश, प्रक्रिया एवं शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया जाना चाहिये।
12. मदिरा कलस्टर के बन्दोबस्त हेतु वे ही व्यक्ति ई-नीलामी में भाग ले सकेंगें, जो राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 एवं इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों, आबकारी एवं मध्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 व संशोधन दिनांक 27.01.2026 तथा भारतीय संविदा अधिनियम के तहत अनुबन्ध करने की योग्यता रखते हो। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश https://iems.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु संबंधित अतिरिक्त आयुक्त जोन, जिला आबकारी अधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
13. ई-नीलामी के संबंध में अन्य सभी प्रावधान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 व नीति में संशोधन दिनांक 27.01.2026 तथा राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 एवं इसके अन्तर्गत बने नियम के अनुसार रहेंगे।

DIPR/C/___/2026 आबकारी आयुक्त, उदयपुर


# उदयपुर के भल्लों का गुडा में पिंजरे में कैद हुआ लैपर्ड

## कई दिनों से लैपर्ड पशुओं का शिकार कर रहा था

- **वन विभाग ने तीन दिन पहले जंगल की सीमा पर पिंजरा लगाया था, जिसमें लैपर्ड कैद हो गया**

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर शहर के पास भल्लों का गुडा इलाके में पिछले कई दिनों से आतंक मचा रहा लैपर्ड आखिरकार बुधवार को वन विभाग के लगाए पिंजरे में कैद हो गया। इस कार्रवाई के बाद पूरे इलाके में राहत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार कुराबड़ मार्ग पर स्थित इस गांव में कई दिनों से लैपर्ड का लगातार विचरण देखा जा रहा था। रात के अंधेरे में वह बस्ती के करीब पहुंचकर आसपास के पशुओं का शिकार कर रहा था। इससे ग्रामीणों का डर इतना बढ़ गया था कि शाम ढलते ही लोग घर से बाहर निकलने से कतराने लगे थे। लगातार शिकायतों और लोगों में फैले भय को देखते हुए वन विभाग ने तीन दिन पहले जंगल की सीमा पर पिंजरा लगाया था। बुधवार सुबह ग्रामीणों को पिंजरे से गुर्राहट की आवाज सुनाई दी। मौके पर पहुंचकर देखा तो लैपर्ड पिंजरे में फंस चुका था। सूचना मिलते ही वनपाल रीना कुंवर के नेतृत्व में वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने पूरी सतर्कता बरतते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और लैपर्ड को सुरक्षित कब्जे में ले लिया। बाद में उसे सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में पहुंचा दिया। लैपर्ड के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है, लेकिन वन विभाग ने सभी से सतर्कता बरतने की अपील की है। खासकर सुबह और शाम के समय बाहर निकलते वक्त अतिरिक्त सावधानी रखें।

# लाखों की अफीम सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। रायला थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक सफेद रंग की फॉर्च्यूनर कार से 592 ग्राम अवैध अफीम बरामद कर हरियाणा निवासी तीन अंतरराष्ट्रीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत तीन लाख रुपये आंकी गई है।

रायला थानाधिकारी मुलचंद वर्मा ने बताया कि थाने के सामने भीलवाड़ा-गुलाबपुरा रोड पर नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान भीलवाड़ा की ओर से आ रही एक संदिग्ध सफेद फॉर्च्यूनर कार को रुकवाया गया। पुलिस को देखकर कार सवार युवक घबरा गए। तलाशी लेने पर गाड़ी के अंदर एक प्लास्टिक की थैली में छिपाकर रखी गई 592 ग्राम अफीम मिली। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार में सवार तीनों आरोपियों को नुकुल जाट निवासी कुमाषपुर, सोनीपत हरियाणा, राहुल जाट निवासी ढुराना, सोनीपत हरियाणा, विक्की जाट निवासी लुधाना, जिला जींद हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया।

# अहमदाबाद में उदयपुर के युवक की हमलावरों ने हत्या की

## हमलावर ने युवक के पेट में इतने गहरे घाव किए कि उसका शरीर खून से लथपथ हो गया

- **घटना के बाद परिजन और समाज के लोग उदयपुर से अहमदाबाद पहुंचे और सिविल हॉस्पिटल परिसर में प्रदर्शन कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की**
- **मृतक हितेष की दो माह बाद शादी होने वाली थी, जिसकी घर में तैयारियां चल रही थी, लेकिन अचानक हुई इस वारदात ने खुशियों को मातम में बदल दिया**

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर के नयागांव उपखंड में बलीचा गांव के एक युवक की सोमवार रात को अहमदाबाद में अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। हमलावर ने युवक के पेट में दो से तीन इतने गहरे घाव किए कि उसका शरीर खून से लथपथ हो गया। घटना के बाद परिजन और समाज के लोग उदयपुर से अहमदाबाद पहुंचे और सिविल हॉस्पिटल परिसर में मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। फिलहाल परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं अभी तक शव का पोस्टमॉर्टम नहीं किया गया है। परिजनों का कहना है जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती वे शव नहीं उठाएंगे। किस वजह से हत्या हुई इसका पता नहीं चला है। मृतक हितेष परिवार में बड़ा बेटा था।


पिता रमणलाल ने बताया कि हितेष की दो माह बाद शादी होने वाली थी, जिसकी घर में तैयारियां चल रही थीं। लेकिन अचानक हुई इस वारदात ने खुशियों को मातम में बदल दिया। मेघवाल युवा संगठन के लक्ष्मीनारायण मेघवाल ने बताया कि बलीचा निवासी हितेष (25) पुत्र रमणलाल मेघवाल पिछले 20 वर्ष से अहमदाबाद के गुप्ता नगर में रहकर फर्नीचर का काम करता था। सोमवार रात को हितेष अपने घर के बाहर बरामदे में सो रहा था, तभी अज्ञात हमलावरों ने उस पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमला इतना भीषण था कि युवक के शरीर के अंग बाहर निकल आए और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पास ही सो रही बहन की चीख-पुकार सुनकर परिजन बाहर दौड़े, लेकिन तब तक अपराधी फरार हो चुके थे। घटना की सूचना पर गुजरात पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया।

# औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति-2026 से राजस्थान में बनेगा बेहतर ईको-सिस्टम

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में औद्योगिक विकास को मिली नई गति

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति मिली है। राज्य सरकार द्वारा 34 से अधिक नीतियां लागू की गई हैं, जिससे प्रदेश में निवेश के लिए बेहतर ईको-सिस्टम बन रहा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, अनुमोदन प्रक्रिया का सरलीकरण जैसे विभिन्न निर्णयों से प्रदेश का उद्योगिक परिदृश्य बदला है। इसी क्रम में सरकार द्वारा राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति-2026 लाई गई है, जिससे विश्व स्तरीय औद्योगिक पार्कों का विकास होगा तथा राजस्थान देश-विदेश में विश्वसनीय एवं फ्यूचर रैडी इंडस्ट्रियल डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित होगा।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राइजिंग, रिलायबल एण्ड रिसेप्टिव राजस्थान के दृष्टिकोण के अनुरूप प्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास है। साथ ही, ये नीति मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी पूरा करने में मददगार साबित होगी।

इस नीति के तहत विश्वस्तरीय औद्योगिक पार्कों का विकास, भूमि-जल-ऊर्जा संसाधनों का वैज्ञानिक एवं सतत उपयोग तथा लॉजिस्टिक्स सुविधाएं को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे निवेश को प्रोत्साहन, रोजगार सृजन तथा सभी क्षेत्रों का संतुलित विकास भी सुनिश्चित होगा।

इस नीति के अंतर्गत निजी क्षेत्रों में औद्योगिक पार्कों को चार विकास मॉडलों पर विकसित किया जाएगा। मॉडल-ए में रीको द्वारा आवंटित भूमि पर पूरी तरह निजी डवलपर द्वारा विकास किया जाएगा। वहीं, मॉडल-बी के अंतर्गत औद्योगिक पार्क के लिए 80 प्रतिशत भूमि विकासकर्ता द्वारा एवं शेष 20 प्रतिशत भूमि

■ **प्रदेश में बनेंगे औद्योगिक पार्क, बढ़ेगा निवेश-मिलेगा रोजगार : मुख्यमंत्री**

रीको द्वारा निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी। इसी तरह, मॉडल-सी के तहत पार्क के लिए संपूर्ण भूमि की विकासकर्ता द्वारा व्यवस्था की जाएगी तथा मॉडल-डी पीपीपी मॉडल पर आधारित होगा।

नीति के तहत निजी क्षेत्र में औद्योगिक पार्कों के लिए कम से कम 50 एकड़ क्षेत्रफल तथा न्यूनतम 10 औद्योगिक इकाइयों की स्थापना अनिवार्य होगी।

औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति के तहत हरित विकास को बढ़ावा देने के साथ ही औद्योगिक प्रदूषण को भी कम किया जाएगा। इसके लिए सीईटीपी पर व्यय का 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति (अधिकतम 12.5 करोड़ रुपये प्रति पार्क) का प्रावधान किया गया है।

इस नीति के तहत प्रथम 10 औद्योगिक पार्क डवलपर्स को सामान्य अवसंरचना विकास पर 20 प्रतिशत पूंजीगत अनुदान दिया जाएगा। इसकी अधिकतम सीमा 100 एकड़ क्षेत्रफल तक 20 करोड़ रुपये, 100 से 250 एकड़ क्षेत्रफल पर 30 करोड़ तथा 250 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल के लिए 40 करोड़ रुपये होगी।

राज्य सरकार औद्योगिक बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस नीति में भी अवसंरचना के प्रोत्साहन के लिए सरकार द्वारा औद्योगिक पार्क तक जल एवं विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, औद्योगिक पार्क के निकटतम सड़क एवं सम्पर्क मार्ग का निर्माण करवाया जाएगा। इसके लिए 60 प्रतिशत राज्य सरकार एवं 40 प्रतिशत व्यय विकासकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा तथा इसमें राज्य सरकार का अधिकतम अंशदान 3 करोड़ रुपये तक होगा।

प्रदेश सरकार के पूर्ण पारदर्शी एवं जवाबदेही सुशासन के विजन का इस नीति में भी विशेष ध्यान रखा गया है। औद्योगिक पार्क की स्थापना के लिए प्रस्तावित भूमि की जानकारी राज निवेश पोर्टल पर उपलब्ध होगी। इस पोर्टल पर सिंगल विंडो क्लीयरेंस के माध्यम से आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण हो सकेगा। नीति में कैप्टिव नवीकरणीय ऊर्जा पर 7 वर्ष तक 100 प्रतिशत विद्युत शुल्क छूट, स्टाम्प शुल्क एवं कन्वर्जन शुल्क में 25 प्रतिशत छूट तथा प्लग-एंड-प्ले ऑफिस कॉम्प्लेक्स एवं कॉमन यूटिलिटी सेंटर के लिए रिप्स-2024 के अंतर्गत अतिरिक्त प्रोत्साहन भी सम्मिलित हैं।

# विकास सीतारामजी भाले ने की डेयरी विकास गतिविधियों की समीक्षा

## नवाचारों और उपलब्धियों के लिये आरसीडीएफ के कार्यों को सराहा

**जयपुर ।** पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, एवं गौपालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव विकास सीतारामजी भाले ने सरस को राष्ट्रीय स्तर का ब्राण्ड बनाने के लिये किये जा रहे गम्भीर प्रयासों और डेयरी विकास के क्षेत्र में किये गये नवाचारों के लिये आरसीडीएफ प्रबन्धन की सराहना की है। उन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष में आरसीडीएफ द्वारा अर्जित किये गये रिकार्ड टर्नओवर और 47 वर्षों के इतिहास में सर्वाधिक लाभ अर्जित करने के लिये आरसीडीएफ और जिला दुग्ध संघों की कार्य प्रणाली की भी प्रशंसा की है। उन्होंने आरसीडीएफ एवं जिला दुग्ध संघों को देशभर में डेयरी विकास के क्षेत्र में प्रतिष्ठित गोपाल रत्न अवार्ड और भारतीय सेना से मिले सम्मान पर प्रसन्नता व्यक्त की। वर्तमान में 45 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध संकलन के लिये बधाई देते हुऐ उन्होंने राज्यभर में कार्यशील समितियों की संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जिससे अधिक से अधिक संख्या में दुग्ध उत्पादकों को डेयरी से जोड़ा जा सके। भाले बुधवार को जवाहर लाल नेहरु मार्ग स्थित सरस संकुल मुख्यालय में डेयरी फैडरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे।



प्रमुख शासन सचिव विकास सीतारामजी भाले ने बुधवार को सरस संकुल मुख्यालय में डेयरी फैडरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने गुणवत्ता नियन्त्रण के लिये एक राज्य स्तरीय क्वालिटी कंट्रोल डेशबोर्ड बनाने का सुझाव दिया जिस पर राज्यभर की सहकारी डेयरियों के दूध और दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता की मोनिटरिंग की जा सके।

उन्होंने कहा कि गुणवत्ता परीक्षणों के लिये अत्याधुनिक टैस्टिंग मशीन एवं उपकरण लगाये जाने चाहिये। उन्होंने कैमल मिल्क को पाउडर के रुप में विकसित करने और चिपलेट फोर्म में बटर के उत्पादन एवं विक्रय का भी सुझाव दिया।

आरसीडीएफ की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने भविष्य की योजनाओं पर प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत प्रकाश डाला। भारद्वाज ने राज्यभर में दूध और दूध से बने उत्पादों की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान "दूध का दूध-पानी का पानी" की सफलता पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि इस अभियान से राज्यभर में मिलावटी दूध पर प्रभावी अंकुश लगा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना और 1000 करोड़ रुपये के डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट फण्ड जैसी योजनाओं से राज्य में डेयरी विकास को एक नई गति मिल रही है। सम्पूर्ण भारतवर्ष में पहली बार किसी राज्य में डेयरी विकास के लिये 1000 करोड़ रुपये का इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट फण्ड बनाया गया है जिसे अब वर्ष 2026-27 के बजट में बढ़ाकर 2000 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

# 15 साल के बाद राजस्थान यूनिवर्सिटी में हुई सीनेट बैठक में बड़े फैसलों पर मुहर लगी

## 25 अप्रैल को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में 2.71 लाख से ज्यादा उपाधियां वितरित की जाएंगी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** करीब 15 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद राजस्थान विश्वविद्यालय की सर्वोच्च नीति-निर्धारक संस्था "सीनेट" की वार्षिक बैठक बुधवार को आयोजित हुई। कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में शिक्षा, वित्त और प्रशासन से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

■ **महाराजा एवं महारानी कॉलेज की भूमि के गलत नामांतरण को सुधारने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई जारी है : कुलपति**



राजस्थान यूनिवर्सिटी में बुधवार को कुलपति प्रो.अल्पना कटेजा की अध्यक्षता में सीनेट की बैठक हुई।

बैठक में आगामी 25 अप्रैल को विश्वविद्यालय के 35वें दीक्षांत समारोह को मंजूरी दी गई। इस समारोह में वर्ष 2024 तथा 2025 की विभिन्न परीक्षाओं की 2.71 लाख से ज्यादा उपाधियां, 300 पीएचडी तथा 1 डी.लिट उपाधि देने का अनुमोदन किया गया। सीनेट ने आगामी वित्तीय वर्ष के बजट को सर्वसम्मति से पारित किया, जिसमें शोध कार्यों को बढ़ावा देने और आधारभूत ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी गई।

बैठक में नई शिक्षा नीति-2020 के तहत क्रेडिट फ्रेमवर्क और सेमेस्टर सिस्टम की प्रगति पर संतोष जताया गया।अकादमिक परिषद के फैसलों को मंजूरी देते हुए नेसकॉम, आरकेसीएल, एनआईए और आईआईएचएमआर जैसे संस्थानों के साथ हुए एमओयू, नए पाठ्यक्रम और बजट को स्वीकृति दी गई। कुलपति ने बताया कि महाराजा एवं महारानी कॉलेज की भूमि के गलत नामांतरण को सुधारने के लिए प्रशासनिक स्तर पर त्वरित कार्रवाई जारी है। बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा 25 प्रतिशत अनुदान कटौती के निर्णय को वापस लेने के प्रयास जारी है।

एससी, एसटी, ओबीसी और महिला विद्यार्थियों को दी जा रही फीस रियायत के पुनर्भरण के लिए भी सरकार से प्रक्रिया चल रही है। कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने कहा कि "राजस्थान विश्वविद्यालय अपने गौरवशाली इतिहास और नवाचार के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारा लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और वित्तीय अनुशासन बनाए रखना है।' ज्ञात रहे कि पिछली सीनेट बैठक 25 अक्टूबर 2010 को हुई थी। अधिनियम के अनुसार यह बैठक हर वर्ष होना अनिवार्य है, लेकिन पिछले 15 साल तक यह बैठक नहीं हो पायी।

# बिजनेसमैन को जान से मारने की धमकी दी

**जयपुर।** बनीपार्क क्षेत्र में कुख्यात गैंगस्टरों द्वारा एक बिजनेसमैन को जान से मारने की धमकी देने और रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर गैंगस्टर रोहित गोदारा, वीरेंद्र चारण और राहुल फतेहपुरिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कुचामन सिटी निवासी व्यापारी को पिछले डेढ़ महीने से मोबाइल फोन पर लगातार धमकी भरे कॉल आ रहे थे। करीब डेढ़ महीने पहले भी आरोपियों ने उसे कॉल कर जान से मारने की धमकी दी थी, जिसकी रिपोर्ट पीड़ित ने कुचामन सिटी थाने में दर्ज कराई थी। इसके बावजूद आरोपियों ने दोबारा कॉल कर रंगदारी मांगना शुरू कर दिया।

# सलमान खान पर जमानती वारंट की तामील के लिए विशेष टास्क फोर्स गठित करने के आदेश

**जयपुर ( कासं )।** जिला उपभोक्ता आयोग क्रम-2 ने राजश्री पान मसाला के भ्रामक विज्ञापन से जुडे मामले में फिल्म अभिनेता सलमान खान के खिलाफ जारी जमानती वारंट की तामील के लिए पुलिस प्रशासन को विशेष टास्क फोर्स गठित करने के आदेश दिए हैं। आयोग ने कहा है कि यह टास्क फोर्स व्यक्तिगत रूप से मुंबई जाकर सलमान खान पर तृतीय जमानती वारंट की तामील कराएगी। आयोग ने चेताया कि वारंट की तामील में बाधा उत्पन्न कराई गई और आगामी सुनवाई 6 अप्रैल को सलमान खान और कंपनी के निदेशक पेश नहीं हुए तो उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाएगा। आयोग अध्यक्ष जीएल मीणा और सदस्य सुप्रिया अग्रवाल व अजय कुमार ने यह आदेश योगेन्द्र सिंह की ओर से दायर परिवाद पर सुनवाई करते हुए दिए।

आयोग ने अपने आदेश में कहा की सेलिब्रेटी स्टेट्स किसी भी व्यक्ति को कानून से ऊपर होने का अधिकार नहीं देता है। जमानती वारंटों की तामील नहीं होने देने से कानून का मखौल उड रहा है और उपभोक्ताओं का आयोगों से विश्वास डगमगाने लगा है। आयोग ने कहा कि सलमान खान के खिलाफ गत 15 जनवरी, 9 फरवरी और 16 मार्च को जमानती वारंट जारी किए गए थे। कंपनी के निदेशकों राकेश कुमार चौरसिया व दिनेश कुमार चौरसिया के खिलाफ 11 फरवरी को जमानती वारंट जारी हुए थे। इसके बावजूद भी सलमान खान की ओर से भ्रामक विज्ञापन पर रोक संबंधी अंतरिम आदेशों की निरंतर अवहेलना की जा रही है। गौरतलब है कि योगेन्द्र सिंह ने परिवाद पेश कर राजश्री पान मसाला के भ्रामक विज्ञापन पर पाबंदी लगाने की गुहार की है। परिवाद में कहा गया है कि इस उत्पाद को केसर युक्त बताया जा रहा है। जबकि इस कीमत में उत्पाद में केसर नहीं डाला जा सकता।

# 'प्रेस की स्वतंत्रता का पक्षधर हूं पर यह सीख भी देनी जरूरी कि स्वतंत्रता, स्वच्छंदता नहीं'

## राज्यपाल बागड़े ने हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

**जयपुर** (कासं)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि पत्रकारिता और जनसंचार शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों को चाहिए कि वे पत्रकारिता के भारतीय अतीत के साथ हमारी गौरवमय ज्ञान-परम्परा से भी जुड़े। पत्रकारिता में समाचार के साथ विचार-संस्कृति की शिक्षा का भी प्रसार होना चाहिए। उन्होंने आजादी आंदोलन में पत्रकारिता की रही भूमिका के साथ गणेश शंकर विद्यार्थी, विजय सिंह पथिक, कर्पूर चंद्र कुलिश, बिशन सिंह शेखावत आदि को याद करते हुए पत्रकारिता और जनसंचार शिक्षा के प्रभावी प्रसार का आव्हान किया। राज्यपाल बागडे बुधवार को हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल बागड़े ने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता का मैं पक्षधर हूं पर पत्रकारिता और जनसंचार शिक्षा में यह सीख भी दी जाए कि स्वतत्रंता, स्वच्छंदता नहीं है।



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी और उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की।

# एस्कॉर्ट और बॉडी मसाज के नाम पर ठगने वाले गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन वज्र प्रहार 2.0 के तहत जयपुर पश्चिम की साइबर सेल और झोटवाड़ा थाना पुलिस ने एस्कॉर्ट सर्विस और बॉडी मसाज के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस पूछताछ करने में जुटी है। डीसीपी (पश्चिम) प्रशांत किरण ने बताया कि जयपुर पश्चिम की साइबर सेल और झोटवाड़ा थाना पुलिस ने एस्कॉर्ट सर्विस और बॉडी मसाज के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के गजेंद्र यादव (23) निवासी फुलेरा (जयपुर ग्रामीण) और विकास रेबारी (20) निवासी किशनगढ़ रेनवाल जयपुर ग्रामीण जयपुर हाल झोटवाड़ा को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 02 मोबाइल फोन,10 सिम कार्ड,15 यूपीआई आईडी,02 एटीएम कार्ड और एक बैंक पासबुक बरामद की है।

# विपक्ष देशद्रोही सोच के साथ कर रहा है कार्य : मदन राठौड़

**जयपुर ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्ष द्वारा ईंधन और गैस की उपलब्धता को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार ने कहीं भी कमी की बात नहीं कही है। वैश्विक परिस्थितियों के कारण चुनौतियां आ सकती हैं, लेकिन सरकार सभी आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह अनावश्यक भय और अफरा-तफरी फैलाने का प्रयास कर रहा है, जिससे जनता में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि भारत एक परिवार की तरह है और इस प्रकार की भ्रामक सूचनाएं फैलाना राष्ट्रहित में नहीं है। सभी राजनीतिक दलों को सहयोग की भावना से कार्य करना चाहिए ताकि देश के नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्ष की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए कहा कि संसद में बहस और चर्चा के लिए निर्धारित प्रक्रियाएँ हैं। यदि विपक्ष वास्तव में बहस करना चाहता है तो उसे संसदीय परंपराओं का पालन करना चाहिए। केवल हंगामा और बयानबाजी करना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मुद्दा देशहित और सामाजिक समानता से जुड़ा हुआ विषय है। हमारे संविधान में भी समान नागरिक संहिता का उल्लेख किया गया है तथा समय-समय पर सर्वोच्च न्यायालय ने भी विभिन्न मामलों में इसकी आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि देश में सभी नागरिकों को समान अधिकार मिलें, विशेषकर महिलाओं को न्याय और सम्मान मिले, इसी उद्देश्य से यूसीसी लागू किया जाना आवश्यक है।

■ **यूसीसी से "एक देश, एक कानून" की भावना होगी मजबूत, समाज से भेदभाव मिटेगा : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष**

मदन राठौड़ ने कहा कि कुछ राज्यों द्वारा यूसीसी लागू करने की दिशा में पहल की जा रही है और यह स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि धीरे-धीरे पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू होगी, जिससे एक देश, एक कानून की भावना मजबूत होगी और समाज में भेदभाव समाप्त होगा।

# झगड़ा शांत कराने आए पडौसी पर गोली चलाने वाला बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपी के पास से दो देसी कट्टे और जिंदा कारतूस भी बरामद किए

**जयपुर ।** कानोता इलाके के इंदिरा गांधी नगर में आपसी विवाद के दौरान बीच-बचाव करने आए एक पडौसी पर फायरिंग करने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने दबोच लिया। गिरफ्तारी के दौरान भागते समय बाइक फिसलने से आरोपी का एक हाथ और एक पैर टूट गया । पुलिस ने आरोपी के पास से दो देसी कट्टे और जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं । साथ ही किरायेदार का सत्यापन नहीं कराने पर पुलिस ने मकान मालिक को भी गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (पूर्व) रंजीता शर्मा ने बताया कि कानोता थाना इलाके के इंदिरा गांधी नगर में आपसी विवाद के दौरान बीच-बचाव करने आए एक पड़ोसी पर फायरिंग करने वाले शातिर बदमाश आरोपी आकाश जोगी (19) निवासी करौली को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार उस पर पहले से ही हत्या के प्रयास, डकैती, पोक्सो एक्ट और आर्म्स एक्ट जैसे चार गंभीर मामले दर्ज हैं । पुलिस अब उससे हथियारों की खरीद-फरोख्त के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस ने आरोपी के मकान मालिक रूप लाल योगी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, बीट कांस्टेबल द्वारा बार-बार कहने और पुलिस कमिश्नरेट के आदेशों के बावजूद मकान मालिक ने किरायेदार का पुलिस सत्यापन नहीं करवाया था। इसके चलते उसके विरुद्ध धारा 223 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल दिलीप सिंह की विशेष भूमिका रही । टीम में उप निरीक्षक सुभाष,कांस्टेबल प्रकाश, मुस्ताक,आनु कुमार, मन्तराम, नेहरू और सुरेश चंद शामिल थे।



गिरफ्तार आरोपी आकाश जोगी

थानाधिकारी मुनीन्द्र सिंह ने बताया कि 25 मार्च 2026 की रात इंदिरा गांधी नगर में किराये पर रहने वाले आरोपी आकाश जोगी और उसकी पत्नी के बीच झगड़ा हो रहा था। शोर सुनकर पास ही रहने वाला दूसरा किरायेदार मनीष शर्मा (40) बीच-बचाव करने पहुँचा और झगड़े का कारण पूछा । इससे गुस्साए आकाश ने मनीष पर फायरिंग कर दी। जिससे गोली मनीष के पैर के निचले हिस्से में जा लगी । वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया । इधर वारदात की गंभीरता को देखते हुए एसीपी बस्सी विनय कुमार और थानाधिकारी मुनीन्द्र सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई । पुलिस ने करीब दो दर्जन संदिग्धों से पूछताछ की और 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली । आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने के लिए पहले रेलवे स्टेशन और सिंधी कैंप की ओर रुख किया। फिर जगतपुरा की ओर भागा । सुबह पुलिस को उसके खो नागोरियान इलाके में होने की सूचना मिली । जब पुलिस ने उसे घेरने की कोशिश की तो वह बाइक तेज भागकर सीबीआई फाटक की ओर जाने लगा । इसी दौरान उसकी बाइक स्लिप हो गई और सड़क पर गिरने से वह घायल हो गया ।

# हाईकोर्ट के सामने गोल्फ क्लब के पास बन रही बिल्डिंग के निर्माण पर लगी यथास्थिति बरकरार

## राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा, "जवाब पेश करो वरना मुख्य सचिव और यूडीएच सचिव हाजिर होकर जवाब दें'

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने हाईकोर्ट के सामने गोल्फ क्लब के पास बन रही बिल्डिंग के निर्माण पर लगी यथास्थिति को बरकरार रखा है। इसके साथ ही अदालत ने मुख्य सचिव और यूडीएच सचिव को कहा है कि उनकी ओर से यदि तीन सप्ताह में जवाब पेश नहीं किया जाता, तो वे 23 अप्रैल को अदालत में पेश होकर अपना जवाब दें। इसके साथ ही अदालत ने गोल्फ क्लब के कुछ सदस्यों की ओर से मामले में पक्षकार बनने के लिए पेश प्रार्थना पत्र को निस्तारित करते हुए उन्हें इंटर विनर बनाया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस रवि चिरानिया की खंडपीठ ने यह आदेश योगेश यादव की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

■ **अदालत ने गोल्फ क्लब के कुछ सदस्यों की ओर से मामले में पक्षकार बनने के लिए पेश प्रार्थना पत्र को निस्तारित करते हुए उन्हें इंटर विनर बनाया है**

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता मनोज शर्मा ने जवाब पेश करने के लिए समय मांगा। जिसका विरोध करते हुए याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विमल चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से अभी तक अपना जवाब पेश नहीं किया है और ना ही मौका निरीक्षण रिपोर्ट दी गई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मामला जनहित से जुडा है, ऐसे में कोई भी आकर अदालत में पक्ष रखता है तो उन्हें आपत्ति नहीं है। इस पर अदालत ने तीन सप्ताह में जवाब पेश नहीं होने पर मुख्य सचिव और यूडीएच सचिव को हाजिर होने को कहा है।याचिका में अधिवक्ता विमल चौधरी और अधिवक्ता योगेश टेलर ने अदालत को बताया की मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गत 14 सितंबर, 2023 को हाईकोर्ट के सामने पार्किंग बनाने के साथ ही गोल्फ क्लब के लिए भूतल सहित एक मंजिला इमारत बनाने का निर्णय लिया गया। निर्णय में माना गया कि पार्किंग के लिए मौजूदा निर्माण को तोड़ने के बदले यह निर्माण किया जाएगा। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि पूर्व का निर्माण ही अपने आप में अवैध था। करीब नौ साल पहले राज्य सरकार ने गोल्फ क्लब को यहां निर्माण करने की अनुमति नहीं दी थी। इसके बावजूद निर्माण करने पर क्लब के खिलाफ कार्रवाई भी की गई थी। याचिका में यह भी कहा गया कि पूर्व के निर्णयों को दरकिनार कर अब यहां निर्माण की अनुमति दी गई है।

## सार-समाचार

### ई मित्रों का औचक निरीक्षण

**मेड़ता सिटी,** (निसं)। ईमित्र केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर अनियमित्ता पर पेनल्टी लगाई गई । कुम्भाराम रेलावत संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग जिला नागौर के निर्देशानुसार बुधवार को अमराराम प्रोठाामर एवं मुकेश महेरिया सूचना सहायक द्वारा ठाामीण क्षेत्र रेण व शहरी क्षेत्र मेड़ता के ईमित्र कियोस्को का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुल 10 ईमित्र केन्द्रों का निरीक्षण किया गया जिसमें 02 ईमित्र कियोस्क पर रेट लिस्ट एवं 04 ई मित्र पर अनुमोदित बैनर नहीं पाए गये तथा 6 कियोस्क धारकों के आई डी कार्ड नहीं पाये गये। जिनके ऑनलाइन ई मित्र ऐप के माध्यम से नियमानुसार पेनल्टी आरोपित की गई। ईमित्र धारकों को निर्धारित राशि पर कार्य करने, उचित दस्तावेजों के साथ आवेदन करने एवं आमजन को किये गये कार्य की प्रिन्टेड रसीद देने को लेकर निर्देशित किया गया।

### मानपुरा में सड़क मार्ग पर बिछी गिट्टी से कार का संतुलन बिगड़ने से दो युवक घायल

**मसूदा,** (निसं)। कस्बे से अपने घर किराप लौट रहे वाहन चालकों दुर्घटना ठाास्त हो गए जिन्हें ठाामीणों ने उपचार के उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार किशन पुत्र घेवर ओटा राम पुत्र खिया राम निवासी किराप अपना निजी कार्य कर मसूदा से किराप की ओर जा रहे थे कि मानपुरा से किराप के मध्य मोटरसाइकिल सवार को बचाने के लिए वाहन का संतुलन बिगड़ गया रोड पर बिछी गिट्टी से के कारण कार का संतुलन बिगड़ जाने से कार रोड से नीचे पलटी खा गई जिससे कार में बैठे दोनों सवार घायल हो गए। घटना की जानकारी ठाामीणों को मिलने पर ठाामीणों ने घायलों को बाहर निकाला और प्रशासक हरचंद सिंह ने मौके पर पहुंच कर घायलों को निजी वाहन से उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया।

### अतिरिक्त जिला कलक्टर ने किया सरवाड़ पुलिस थाने का निरीक्षण

**सरवाड़,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर चंद्रशेखर भण्डारी ने बुधवार को सरवाड़ पुलिस थाने का औचक निरीक्षण किया गया वहीं निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया वहीं इस दौरान सरवाड़ थानाधिकारी रामपाल शर्मा को कानून व्यवस्था व जनसुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए वहीं एडीएम भण्डारी ने थाने के मुख्य भवन मालखाने व रिकॉर्ड रूम में रखी विभिन्न पंजिकाओं (रजिस्टरों) का बारीकी से अवलोकन किया गया वहीं उन्होंने लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण व रिकॉर्ड के व्यवस्थित रखरखाव पर बल दिया तथा शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के कड़े निर्देश दिए गए वहीं एडीएम भंडारी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने के लिए जागरुक किया जाए। साथ ही शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाए वहीं भण्डारी ने क्षेत्र में अवैध खनन की गतिविधियों पर भी चिंता व्यक्त की उन्होंने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया कि अवैध खनन में लिप्त माफियाओं व परिवहन के विरुद्ध निरंतर निगरानी रखी जाए व उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### कुम्भा विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय का 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम

**भीलवाड़ा।** महाराणा कुंभा ट्रस्ट भीलवाड़ा द्वारा संचालित कुम्भा विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय भीलवाड़ा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य ब्रजराज कुलश्रेष्ठ ने बताया कि विद्यालय से परीक्षा में 64 विद्यार्थी शामिल हुए इनमें से 36 प्रथम श्रेणी, 27 द्वितीय श्रेणी एवं 1 छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। महाराणा कुंभा ट्रस्ट के अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह डाबला एवं सचिव भगवत सिंह खारड़ा द्वारा सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई एवं आशीर्वाद दिया गया एवं कार्यरत अध्यापकों को धन्यवाद दिया जाकर उनकी प्रशंसा की गई।

### अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने की माता कात्यायनी देवी की पूजा-अर्चना

**भीलवाड़ा।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा नवरात्रि के छठे दिन देवी दुर्गा के छठे स्वरूप माता कात्यायनी देवी विधि-विधानपूर्वक पूजा एवं अर्चना का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सजकर पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। भजन-कीर्तन और नृत्य की प्रस्तुतियों ने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। अध्यक्ष मधु लढा ने बताया की माता कात्यायनी की पूजा से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और सभी बाधाएं दूर होती हैं। इस दौरान माता रानी पर प्रश्नोत्तरी भी की गई। उसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय को पुरस्कार दिए गए और सभी ने माता रानी पर भजन प्रस्तुत किए गए।

# उत्तर पश्चिम रेलवे महिला प्रकोष्ठ का 'महिला फाग उत्सव' आयोजित

- सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां
- कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रंगारंग प्रस्तुतियों से माहौल को उल्लासमय बना दिया

**अजमेर,** (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ, महिला प्रकोष्ठ अजमेर मंडल द्वारा 25 मार्च 2026 को सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट में 'महिला फाग उत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रंगारंग प्रस्तुतियों से माहौल को उल्लासमय बना दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनीता बघेल रहीं, जबकि विशेष अतिथि के रूप में सहायक कार्मिक अधिकारी वंदना चौबे, कविता गुप्ता, सहायक नर्सिंग अधिकारी संगीता लाल एवं सहायक मंडल लेखा अधिकारी अर्षिया छवी ठाकुर उपस्थित रहीं।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डॉ. प्रीति और रश्मि मिश्रा ने एकल गायन प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, वहीं श्रुति ने कविता पाठ से कार्यक्रम में साहित्यिक रंग भरा। एकल नृत्य में अनुराधा बुंदेल, अर्पिता, सुनीता पाखरिया और विद्या शर्मा ने शानदार प्रस्तुति दी। सामूहिक नृत्यों में मीरा सोलंकी-किरण कंवर ग्रुप, सपना-शिवानी-मनीषा टीम, पवनदीप-दीपिका ग्रुप, यशिका-चेल्सी, हेमलता-रुकमा, आरती ग्रुप, लिपिका-प्रियांषी-प्रीतिका-ध्रुवी तथा संस्कृति-भाविका ग्रुप ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं।

कार्यक्रम में रश्मि और डिंपल द्वारा प्रस्तुत 'गिलहरी नाटक' ने दर्शकों को खासा आकर्षित किया। वहीं श्रीमती प्रिया गुप्ता ने महिला स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। फाग उत्सव के अवसर पर दीपिका गहलोत द्वारा प्रस्तुत भजन ने आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत चित्रा सिंह के स्वागत भाषण से हुई। मंच संचालन अंशु सिंह और निधि शर्मा ने किया, जबकि अंत में पूजा कुमावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस आयोजन में मीना बुलचंदानी, कृष्णा सैनी, निशा मीना, तनु यादव, हेमलता माथुर, माला सिंह, मंजू देवी सहित सैकड़ों महिला कर्मचारियों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## लोकसभा में सांसद अग्रवाल ने उठाई नाथद्वारा - सांगानेर रेलमार्ग स्वीकृत करने की मांग

- मांग को नियम 377 के तहत पुरजोर तरीके से रखा

**भीलवाड़ा।** मेवाड़ के मोदी नाम से विख्यात दामोदर अठावाल ने आज लोकसभा सत्र के दौरान नियम 377 के तहत मेवाड़ क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित नाथद्वारा से सांगानेर वाया कांकरोली , गंगापुर , गुरलां , कारोई , बनेड़ा , शाहपुरा , केकड़ी मार्ग स्वीकृत करने की मांग पुरजोर तरीके से प्रस्तुत की गई। सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि भीलवाडा सांसद अठावाल ने आज सदन में सम्पूर्ण मेवाड़ की मांग को नियम 377 के तहत पुरजोर तरीके से रखा । अठावाल ने कहा कि उक्त रेलमार्ग की आवश्यकता विगत कई वर्षों से महसूस की जा रही है । उक्त रेलमार्ग स्वीकृत होने से प्रभावित क्षेत्र के निवासीयों को मेवाड़ क्षेत्र की प्रमुख तीर्थ स्थान नाथद्वारा , कांकरोली , गढ़बोर चारभुजा जी अंतराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय शाहपुरा दर्शन लाभ का अवसर मिलने के साथ ही उद्योगों ,व्यवसायियों , विद्यार्थियों को भी लाभ होगा ।

इसके अतिरिक्त मार्ग में स्थित औद्योगिक ईकाईयों को भी माल परिवहन में सुविधा रहेगी । विदित रहे कि सांसद अठावाल अपने संसदीय कार्यकाल में केन्द्र और राज्य की डबल इंजिन सरकार से समन्वय स्थापित कर संपूर्ण मेवाड़ क्षेत्र को लाभांवित करने हेतु कृतसंकल्पित होकर प्रयासरत है ।

## खुशहाली की नई फसल: रतनलाल की नेपियर घास ने लिखी सफलता की नई कहानी

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा जिले के निवासी किसान रतनलाल ने राज्य सरकार के सहयोग व अपनी मेहनत से पशुपालन और खेती में एक नई मिसाल कायम की है। वर्ष 2023-24 में कृषि विभाग द्वारा उनके खेत पर नेपियर घास का प्रदर्शन लगाया गया, जिसने उनकी खेती की दिशा ही बदल दी।

पहले जहां पशुओं के लिए सालभर हरे चारे की कमी बनी रहती थी, वहीं अब उन्नत किस्म की नेपियर घास के कारण उनके खेत में हर मौसम में हरे चारे की उपलब्धता रहने लगी है। नेपियर घास की खासियत है कि यह तेजी से बढ़ती है और बार-बार कटाई के बाद भी अच्छी पैदावार देती है। इससे उनके पशु पहले से ज्यादा स्वस्थ, हष्ट-पुष्ट और दूध उत्पादन में बेहतर हो गए हैं। उन्होंने अपने खेत को अलग-अलग भागों में बांटकर मौसम के अनुसार रिजका, कासणी मैथी, जौ और चरी जैसे अन्य हरे चारे भी उगाना शुरू किया। इससे चारे में विविधता बनी रहती है और पशुओं को संतुलित पोषण मिलता है। इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग से अनुदानित चाफ कटर मशीन का उपयोग शुरू किया। अब वे हरे और सूखे चारे की कुट्टी करके पशुओं को खिलाते हैं, जिससे चारे की पोषण गुणवत्ता बनी रहती है पशु आसानी से चारा खा लेते हैं चारे की बर्बादी कम होती है रतनलाल बताते हैं कि चाफ कटर के इस्तेमाल से समय और श्रम दोनों की बचत हुई है। और पशुपालन पहले से अधिक लाभदायक बन गया है।

# अलवर पुलिस ने की साइबर संग्राम 2.0 में बड़ी कार्रवाई

**अलवर** । साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए राज्य स्तर पर चलाए जा रहे ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 72 लाख 60 हजार 874 रुपये की ठगी राशि होल्ड कराई, जबकि 17 लाख 13 हजार 598 रुपये पीड़ितों को वापस दिलाए

एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए राज्य स्तर पर चलाए जा रहे ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत अलवर पुलिस ने जिले में विशेष अभियान साइबर संठााम 2.0 को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू किया है। इस अभियान का उद्देश्य साइबर अपराधों पर रोक, शिकायतों का त्वरित निस्तारण और आमजन में जागरूकता बढ़ाना है।

अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 72 लाख 60 हजार 874 रुपये की ठगी राशि होल्ड कराई, जबकि 17 लाख 13 हजार 598 रुपये पीड़ितों को वापस दिलाए। इसके अलावा ष्टश्वद्बक्र पोर्टल के जरिए 222 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर परिवादियों को सौंपे गए। ये सारी कार्यवाही 1 जनवरी के बाद की है।

साइबर अपराधियों के खिलाफ समन्वय पोर्टल पर 60 प्रकरण अपलोड किए गए और 78 अपराधियों को चिन्हित किया गया। वहीं 51 वारंट, नोटिस और सत्यापन के लिए अन्य राज्यों को भेजे गए। पुलिस ने 13 साइबर अपराधियों को पकडक़र दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, केरल और छत्तीसगढ़ पुलिस को सौंपा। साइबर जागरूकता के तहत 569 शिविर आयोजित कर 43 हजार 412 लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही साइबर फ्रॉड में इस्तेमाल हो रहे 1 लाख 90 हजार 377 मोबाइल (सिम और आईएमईआई) ब्लॉक कराए गए। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की है कि वे ओटीपी, पिन या बैंक डिटेल किसी से साझा न करें, अनजान लिंक या क्यूआर कोड से दूर रहें, और सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि लालच भरे ऑनलाइन ऑफर्स और फर्जी निवेश योजनाओं से बचना ही साइबर अपराध से सुरक्षित रहने का सबसे बड़ा उपाय है।

## श्री महेश शिक्षा सदन का सर्वश्रेष्ठ परिणाम

**भीलवाड़ा।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परिणाम मे श्री महेश सेवा समिति द्वारा संचालित महेश शिक्षा सदन विद्यालय का परीक्षा परिणाम गुणात्मक एवं संख्यात्मक रुप से श्रेष्ठ रहा है जिसमे 73 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी व 57 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुए। जिसमे 90 प्रतिशत से ऊपर 3 छात्र/छात्राएं और 80 प्रतिशत से ऊपर 10 छात्र/छात्राएं आये विद्यालय के उत्कृष्ट विद्यार्थी शिवानी शर्मा 91.33 प्रतिशत, धनराज माली 90.50 प्रतिशत व मनीष जाट 90.17 प्रतिशत आए। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले छात्र और छात्राओ को श्री महेश सेवा समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश नराणीवाल, सचिव राजेंद्र कुमार कचौलिया, उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल जाखेटिया व संचालक सुरेश चन्द्र काबरा ने माला पहनाकर सम्मानित कर परिवार वालो को बधाई के साथ मुँह मीठा करवाया साथ ही सभी विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# माँ दुर्गा का सहस्त्रार्चन से गुंजायमान हुआ भक्तिमय वातावरण

**भीलवाड़ा।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। बुधवार, 25 मार्च 2026 को प्रात: 9:15 बजे माँ दुर्गा का विधिवत अभिषेक कर काजू से सहस्त्रार्चन किया गया। पंडित सत्यनारायण शर्मा, पंडित मनमोहन शर्मा एवं पंडित वासुदेव शर्मा सहित तीन वैदिक ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच सम्पन्न इस अनुष्ठान ने पूरे वातावरण को दिव्यता से भर दिया। धार्मिक मान्यता के अनुसार, माँ भगवती का सूखे मेवों से अर्चन करना विशेष फलदायी माना गया है। यह अर्चन साधक के जीवन में सुख-समृद्धि, मानसिक शांति और आर्थिक स्थिरता का संचार करता है, साथ ही नकारात्मक शक्तियों का नाश कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि नवरात्रि का प्रत्येक दिन आत्मशुद्धि, साधना और शक्ति उपासना का विशेष अवसर होता है। माँ दुर्गा की कृपा से भक्तों के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है। इस दौरान आश्रम के संत सुयज्ञ राम उदासीन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विशेष अरदास कर आरती की गई। श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया तथा प्रसाद ठाहण किया। आगामी कार्यक्रमों के तहत गुरुवार, 26 मार्च 2026 को दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर प्रात: 11:15 बजे विशेष जड़ी-बूटियों से हवन-यज्ञ आयोजित होगा, जिसमें वातावरण शुद्धि और लोककल्याण की कामना की जाएगी। वहीं शुक्रवार, 27 मार्च 2026 को प्रात: 11:15 बजे कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन होगा। जिसे नवरात्रि का अत्यंत पुण्यकारी अनुष्ठान माना जाता है। पूरे आयोजन के दौरान आश्रम में "राम-राम जय माता दी के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो रहा है और श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कर रहे हैं। इस दौरान संत मायाराम, संत राजाराम, संत गोविंद राम, संत केशव राम, ब्रह्मचारी मिहिर, हीरालाल गुरनानी, रविंद्र जाजू, मनीषा जाजू, इंद्र अवतानी, रोमा नोतानी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

# काली पट्टी बांध पेंशनरों का प्रदर्शन, पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन


- पेंशनर ने अरांई में तहसीलदार को ज्ञापन देते हुए


**अरांई,** (निसं) । राजस्थान पेंशनर्स समाज उपशाखा अरांई के बैनर तले क्षेत्र के पेंशनरों ने बुधवार को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार प्रेमसुख वैष्णव को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष ओमप्रकाश सारण के नेतृत्व में पेंशनरो ने विरोध जताते हुए अपनी मांगों से अवगत कराया।

ज्ञापन में पेंशनरों ने वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 29 मार्च 2025 को जारी वैधता अधिनियम 2025 को पेंशनरों के हितों के खिलाफ बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। पेंशनरों ने बताया कि यह अधिनियम पेंशनरों के वर्गीकरण के आधार पर भेदभाव को बढ़ावा देता है, जिससे पूर्व एवं वर्तमान पेंशनरों के बीच असमानता उत्पन्न होगी और कई पेंशनर वेतन आयोग की सिफारिशों से मिलने वाले लाभों से वंचित रह जाएंगे। पेंशनरों ने अपने ज्ञापन में भारत की संचित निधि से पेंशन देनदारियों पर होने वाले व्यय तथा केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन नियम एवं सिद्धांत) के सत्यापन का मुद्दा भी उठाया।

उन्होंने मांग की कि पेंशन नियमों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और सभी पेंशनरों को समान रूप से लाभ प्रदान किया जाए। प्रदर्शन के दौरान पेंशनरों ने सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि पेंशन केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा का अधिकार है, जो सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था में पेंशन ही उनका मुख्य सहारा है और किसी भी प्रतिकूल निर्णय से उनकी आजीविका प्रभावित होती है। उपशाखा अध्यक्ष सारण ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर देशभर में 25 मार्च को काला दिवस मनाया जा रहा है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर अधिसूचना वापस नहीं ली, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान ओमप्रकाश सारण, महेंद्र जैन, बद्री नारायण शर्मा, रामस्वरूप नायक, रामरतन शर्मा, धन्ना लाल वर्मा, भंवर लाल टेलर, गोपाल माली, रामगोपाल वैष्णव, गजानंद राकेश, राजेन्द्र शर्मा, रामसुख माली, रामसिंह पंवार, रामस्वरूप वैष्णव सहित पेंशनर उपस्थित रहे और एकजुटता के साथ अपने अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया।





सन 2014 से 2025 तक टीम का हिस्सा रहे, सिर्फ 2017 सीजन को छोड़कर। पिछले साल नवंबर में उन्होंने से संन्यास लिया और अब टीम के पावर कोच की भूमिका निभा रहे हैं।
- आंद्रे रसेल

पूर्व वेस्टइंडीज खिलाड़ी, अपने करियर के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** स्पेंसर जॉनसन



चेन्नई सुपर किंग्स ने ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन को टीम में शामिल किया है। उन्हें चोटिल नाथन एलिस की जगह रिप्लेसमेंट के तौर पर 1.5 करोड़ रुपये की बेस प्राइस पर साइन किया गया है। एलिस पुरानी हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दिसंबर में हुए ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने बेन डकेट को 2 कोरड़ रुपये में खरीदा था। डकेट पहली बार खेलने वाले थे, लेकिन टीम में विदेशी खिलाडी के स्लॉट के लिए उन्हें श्रीलंका के पथुम निसांका से कड़ी टक्कर मिल रही थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में भिड़ेंगे। दोनों टीमें 113 साल पहले भी लॉर्ड्स पर टेस्ट मैच में भिड़ चुकी हैं।



## जयपुर और जयगढ़ टीम होगी आज आमने-सामने

### टीम जयगढ़ ने जीता आरपीसी कप द्वितीय टूर्नामेंट का पहला मैच

जयपुर, 25 मार्च। जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर सीजन के आखिरी टूर्नामेंट आरपीसी कप – द्वितीय (आउट ऑफ हैट) का बुधवार को आगाज हुआ। टूर्नामेंट का पहला मैच टीम जयगढ़ और टीम नाहरगढ़ के बीच खेला गया। इस मुकाबले में टीम जयगढ़ 8.5- 6 के स्कोर से टीम नाहरगढ़ को हराकर विजयी बनी। विजेता टीम जयगढ़ से शुभम गुप्ता ने 3 गोल हासिल किए। वहीं, बलबीर सिंह और अश्विनी शर्मा ने 2-2 गोल किए। टीम के लिए योगेंद्र सिंह ने 1 गोल अर्जित किया। यहां, टीम जयगढ़ को आधे गोल का एडवांटेज भी प्राप्त हुआ। इसी प्रकार, टीम नाहरगढ़ की ओर से तरुण बिलवाल ने 3 गोल, सिद्धांत सिंह ने 2 गोल और नरेंद्र सिंह ने 1 गोल किया। टीम से विग्रहराज सिंह कोठारिया भी खेले। का मैच इस टूर्नामेंट का दूसरा मैच 26 मार्च, गुरुवार को शाम 5 बजे से राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर खेला जाएगा। यह मुकाबला टीम जयपुर और टीम जयगढ़ के बीच आयोजित होगा। इस टूर्नामेंट का फाइनल शनिवार, 28 मार्च को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर खेला जाएगा।

## एजीएफ 11 ने सेमीफाइनल में बनाई जगह, मुकाबलों में दिखा जबरदस्त रोमांच




अजमेर, 25 मार्च। अजमेर में आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले माली (सैनी) प्रीमियर लीग 2026 (सीजन-1) के तीसरे दिन भी खेल प्रेमियों को रोमांचक मुकाबलों का भरपूर आनंद देखने को मिला। पूरे दिन मैदान पर जोश, उत्साह और प्रतिस्पर्धा का शानदार माहौल बना रहा। अविनाश गहलोत फाउंडेशन, अजमेर के जिला संयोजक हिमांशु टांक ने बताया कि प्रतियोगिता दिन-प्रतिदिन और अधिक रोचक होती जा रही है तथा आने वाले मुकाबलों में कड़ा संघर्ष देखने को मिलेगा। दिन के पहले मुकाबले में एजीएफ 11 और श्री श्याम पुष्कर क्लब आमने-सामने थे। एजीएफ 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबले में जीत दर्ज की और अपने इरादे मजबूत किए। इसके बाद दूसरे मुकाबले में जेएलएन और वार्ड 62 के बीच भिड़ंत हुई, जिसमें वार्ड 62 की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए जीत अपने नाम की। दिन का तीसरा और सबसे अहम मुकाबला एजीएफ 11 और वार्ड 62 के बीच खेला गया। इस निर्णायक मुकाबले में एजीएफ 11 ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। बड़ी संख्या में उपस्थित खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ. विजय सैनी मौजूद रहे। साथ ही सीनियर नर्सिंग ऑफिसर कमलेश सैनी सहित कई गणमान्य समाजबंधुओं ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मैचों में अंपायरिंग की जिम्मेदारी मुकेश चौहान और हनी ने निभाई, जबकि साउंड और टेंट की व्यवस्था नीरज भाटी द्वारा की गई। मुकाबलों की रोचक कमेंट्री राजू बनिस्थिया ने की। आयोजकों ने जानकारी दी कि 26 मार्च को होने वाले मुकाबलों में बाबा रामदेव क्लब ब्यावर का सामना फुलेरा से होगा, जबकि दूसरा मुकाबला वर्णिका स्टोन जोधपुर और करणी माता क्रिकेट क्लब सीकर के बीच खेला जाएगा। सभी खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की गई है।

## ईएमसीएल स्टाइल वॉक 2026 : जयपुर में ग्लैमर, क्रिकेट और मनोरंजन का शानदार आगाज

जयपुर, 25 मार्च। इवेंट मैनेजर्स क्रिकेट लीग (ईएमसीएल), संस्करण 9 की भव्य शुरुआत बुधवार को अनंत महल, मानसरोवर में आयोजित स्टाइल वॉक 2026 एवं आधिकारिक टीम घोषणा समारोह के साथ हुई। इस आयोजन का संचालन संस्थापक रवि यादव के नेतृत्व में किया गया, जिसमें आयोजन समिति के सदस्य - अमित सरीन, आशीष बहेती, राजन वर्मा, लक्ष्य अग्रवाल, अमित गुप्ता, दलजीत सिंह एवं विष्णु गुप्ता के समन्वित प्रयासों ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक साकार किया।



कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे श्रीलंका के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दिग्गज तिलकरत्ने दिलशान, जिन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति से आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। इस अवसर पर 12 टीमों की आधिकारिक घोषणा की गई, जिनमें 1 टीम हैदराबाद से, 6 टीमें दिल्ली से और 5 टीमें जयपुर से शामिल हैं। इन टीमों में टाइगर जेसी, इवेंट्स युग, इनोसेप्ट स्ट्राइकर्स, मैप्सर वॉरियर्स, आयुष्मान चैलेंजर्स, दिल्ली मैवेरिक्स, एचओसी हरिकेन्स, एयर स्काई हॉक्स, वर्वे स्मैशर्स, एसएस एलेवन, ऑल स्टार्स सीसी और मान्यम रॉयल्स शामिल हैं। सभी टीमों को 4 समूहों में विभाजित किया गया है।

### चतुर्थ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता

## अभय की शानदार पारी तथा उमेश की घातक गेंदबाजी से एसजे एकेडमी सेमीफाइनल में

जयपुर, 25 मार्च। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज हुकम सिंह क्रिकेट ग्राउण्ड हाथोज में चतुर्थ डॉ ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज करोल क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा में खेले गये क्वार्टर फाईनल मैच में अभय शर्मा 86 रन (54 गेंद 9 चौके, 3 छक्के) उमेश मीणा 13 रन पर 5 विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत आर.डी. क्रिकेट एकेडमी को 86 रन से हराकर सेमीफाईनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर एस. जे स्कूल क्रिकेट एकेडमी ने अभय शर्मा 86 रन, हरीश सैनी 46 रन, राजेन्द्र गुर्जर 17 रन, रिहान अली 14 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 187 रन बनाये।

### जयपुर जिला क्रिकेट संघ : महिला ए डिवीजन लीग

## चंबल स्पोर्ट्स ने राजीव गांधी क्लब को हराया




जयपुर, 25 मार्च। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित तथा एल वी फार्मा द्वारा प्रायोजित महिला ए डिवीजन लीग में खेले गए मैच में चंबल स्पोर्ट्स ने राजीव गांधी क्लब को 1 विकेट से हराया। राजीव गांधी क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मिस्टी माथुर के 24 रन, श्री चौधरी के 37 रन, ज्योति चौधरी के 17 रन, पारी मेहता के 26 रन, रिंकू टांक के 20 रन, मीनाक्षी के 11 रनो से 50 ओवर में 185 तन बनाकर आउट हुई। चंबल स्पोर्ट्स के लिए अंशील ने 18 पर 3, अर्चना योगी ने 25 पर 3, खुशी जैन ने 45 पर 3 व रितिका भाटी ने 34 पर एक विकेट लिया। जवाबी पारी मे चंबल स्पोर्ट्स ने सीजे भाटी के 51 रन, निशा गुर्जर के 15 रन, अंशील के 43 रनो से 37. 2 ओवर में 9 विकेट पर 189 रन बना कर मैच जीत लिया। राजीव गांधी क्लब के लिए रिंकू टांक ने 27 पर 3, लावण्या शर्मा ने 25 पर 2, मिस्ती माथुर ने 24 पर 2 व मीनाक्षी व परी मेहता ने एक - एक विकेट लिया।

### स्टेट लेवल भारती कंवर मेमोरियल वनडे क्रिकेट लीग

## निलय अरोड़ा की अर्द्धशतकीय पारी से जीती राजीव गांधी क्रिकेट अकादमी

जयपुर, 25 मार्च। नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में राजीव गांधी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.4 ओवर में 201 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें नीलय अरोड़ा ने 68 रन व सक्षम ने 34 रनों की पारी खेली। रॉयल क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में उज्जवल चौधरी ने तीन विकेट और वैभव शर्मा व प्रियांशु यादव ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल क्रिकेट एकेडमी 20 ओवर में मात्र 72 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें रणवीर ने 24 रनों का योगदान दिया। राजीव गांधी क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में अक्षत मेंनारिया व मानवेंद्र ने तीन-तीन विकेट और गगन सोनी व युग झांझरिया ने दो-दो विकेट लिए। राजीव गांधी क्रिकेट अकादमी ने 129 रन से मुकाबला जीता। **मैन ऑफ द मैच- अक्षत मेंनारिया :**




दिन का दूसरा मुकाबला नारायणा क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया। जिसमें जयपुरिया क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 औवर में 199/5 रन बनाए। जिसमें पुलकित ने 100 रन व रचित पटेल ने 54 रनों की पारी खेली। नारायणा क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में दक्ष बागवान ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नारायणा क्रिकेट अकादमी 28.1 ओवर में 200/4 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। जिसमें आदित्य यादव ने 85 रन व शिवम पाल ने 56 रनों का योगदान दिया। जयपुरिया क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में समक्ष जैन व दिव्यांश ने दो-दो विकेट लिए। नारायणा क्रिकेट अकादमी ने 6 विकेट से मुकाबला जीता।

## राजस्थान यूनाइटेड एफसी तीसरे घरेलू मुकाबले में डायमंड हार्बर एफसी का सामना करने के लिए तैयार

जयपुर, 25 मार्च। राजस्थान यूनाइटेड एफसी अपने सीजन के तीसरे घरेलू मुकाबले में 26 मार्च 2026 को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में डायमंड हार्बर एफसी का सामना करने के लिए तैयार है। मुकाबला शाम 4:00 बजे से खेला जाएगा।

घरेलू दर्शकों के मजबूत समर्थन और बढ़ते आत्मविश्वास के साथ, आरयूएफसी इस मैच में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए महत्वपूर्ण अंक हासिल करने की कोशिश करेगा। टीम ने इस मुकाबले के लिए पूरी तैयारी की है और जीत के लिए प्रतिबद्ध है। इस मैच में कई विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। मुख्य अतिथि के रूप में गोपाल शर्मा (विधायक) उपस्थित रहेंगे, जबकि विशेष अतिथियों के रूप में अमित गोयल और भूपेंद्र सैना भी मौजूद रहेंगे, जिससे इस अवसर का महत्व और बढ़ जाएगा।



चेयरमैन केके टाक का बयान: हम कल के तीसरे घरेलू मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार और उत्साहित हैं। डायमंड हार्बर एफसी एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी है और हम उनके चुनौती का सम्मान करते हैं। साथ ही, हमें अपने प्रदर्शन पर भरोसा है और हम एक मजबूत खेल दिखाने के लिए तैयार हैं। मैं सभी प्रशंसकों से आग्रह करता हूं कि वे आएं, हमारा समर्थन करें और एक यादगार माहौल बनाएं।

मुख्य कोच विक्रांत शर्मा का बयान: टीम पूरी तरह से तैयार और केंद्रित है। घरेलू मैदान पर खेलना हमें अतिरिक्त ऊर्जा देता है और खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रेरित हैं। हम अपने प्रतिद्वंद्वी का सम्मान करते हैं, लेकिन हमारा लक्ष्य स्पष्ट है-खेल पर नियंत्रण बनाना और पूरे तीन अंक हासिल करना। आरयूएफसी अपने सभी प्रशंसकों और राजस्थान यूनाइटेड अल्ट्रास से अपील करता है कि वे स्टेडियम में आकर टीम का उत्साह बढ़ाएं और एक जोशीला माहौल बनाएं।

## स्टेट लेवल यूथ कप अंडर-17 : अरावली क्लब, एनबी एकेडमी व लक्ष्य एकेडमी जीती, परम सिंह का शतक

जयपुर, 25 मार्च। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय यूथ कप अंडर -17 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गए मैचों में अरावली क्लब ने जी आर एकेडमी को 4 विकेट से हराया, लक्ष्य एकेडमी ने डी एस एकेडमी को 12 रन से हराया व एन बी एकेडमी ने कल्याणी एकेडमी को 3 विकेट से हराया। आज प्रातः अरावली ग्राउंड पर जी आर एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इशांत शर्मा के 22 रन, ब्रजेश यादव के 39 रन, यथार्थ भारद्वाज के 21 रन, कविन चड्ढा के 93 रन, गौरव पुनिया के 49 रन व तुषार चेलानी के 23 रनो से 50 ओवर में 8 विकेट पर 272 रन बनाए। अरावली क्लब के लिए समीर ने 39 पर 2, आजाद ने 27 पर 2, अक्षित, शौर्य ने एक - एक विकेट लिया। जवाबी पारी में अरावली क्लब ने दक्ष सेतिया के 74 रन, परम सिंह के 107 रन व अक्षित के 22 रनो से 48 ओवर में 6 विकेट पर 276 रन बना कर मैच जीत लिया। जी आर एकेडमी के लिए इशांत शर्मा ने 49 पर 2, यथार्थ भारद्वाज व गौरव पुनिया ने एक - एक विकेट लिया दूसरे मैच में लक्ष्य ग्राउंड पर समर प्रताप के 31 रन आदित्य जाखड़ के 55 रन, हैरी तिवारी के 86 रन व प्रियांशु माली के 21 रनो से 50 ओवर में 9 विकेट पर 262 रन बनाए। डी एस एकेडमी के लिए अनुराग लखन ने 31 पर 3, अक्षय वैष्णव ने 62 पर 2, तनवीर, आदित्य व रोनित ने एक - एक विकेट लिया। जवाबी पारी में डी एस एकेडमी की टीम जतिन सिरोया के 28 रन, नरपत चौधरी के 65 रन, कौशलेंद्र सिंह के 30 रन, तनवीर अहमद के 52 रन व अक्षय वैष्णव के 25 रनो की पारियों के बावजूद, 47.4 ओवर में 250 रनो पर सिमट गई। लक्ष्य एकेडमी के लिए आनंद सिरवी ने 49 पर 4, तेजस जोशी ने 14 पर 2 व अक्षत प्रधान ने 17 पर 2 विकेट लिए। तीसरे मैच में एन बी ग्राउंड पर कल्याणी एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अतुल पाठक के 27 रन, रक्षित के 18 रन व समीर ढाका के 18 रनो से 21.5 ओवर में 105 रनो पर सिमट गई। एन बी एकेडमी के लिए रोहन मीणा ने 35 पर 5, लक्षित ने 31 पर 2 व समर्थ ने 35 पर 2 विकेट लिए। जवाबी पारी में एन बी एकेडमी ने विहान जैन के 42 रन, देवांश सिंह के 21 रन असद के 11 रनो से 26.4 ओवर में 7 विकेट पर 106 रन बनाकर मैच जीत लिया। कल्याणी एकेडमी के लिए समीर ढाका ने 24 पर 4, मोहम्मद अजमल ने 19 पर 2 विकेट लिए।








**MUNICIPAL BOARD, NATHDWARA DIST.- RAJSAMAND**

S.No./M.B.Nath/NIT/Const./2026/19095 Date : 19-03-2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for different works Nit No. 60/2025-26 of Municipal Board Nathdwara are invited from interested bidders up to Date 28-03-2026 on 18:00 Hours. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state govt.

UBN No. – 1.- DLB2526WSOB39783

Raj.Samwad/C/25/23242 Commissioner Municipal Board Nathdwara

**कार्यालय नगरपालिका, रतननगर (चूरू)**

फोन नं– 01562–281224 ईमेल– mun_rnagar@yahoo.in

Date : 19-03-2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for of Supply Tractor & trolly work invited from interested bidders upto 11:30 AM 30-03-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state official website.

UBN is: DLB2526SLRC39563, DLB2526SLRC39565

Raj.Samwad/C/25/23277 Executive officer Municipal Board, Ratannagar

**कार्यालय नगरपालिका, रतननगर (चूरू)**

फोन नं– 01562–281224 ईमेल– mun_rnagar@yahoo.in

Date : 19-03-2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for of cleaning work invited from interested bidders upto 11:30 AM 05-04-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state official website.

UBN is: DLB2526SLRC39552, DLB2526SLRC39555, DLB2526SLRC39558, DLB2526SLRC39559

Raj.Samwad/C/25/23278 Executive officer Municipal Board, Ratannagar

**जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि.**

गांधी नगर रेलवे स्टेशन के पास, जयपुर, ईपीएबीएक्स: 0141-2713666-69, फैक्स: 0141-2711075

e-mail: jaipurdairy@jaipurdairy.com website: http://www.jaipurdairy.com

**निविदा सूचना**

(1) Nib Code:- CDF2526A1457 - जयपुर दुग्ध संघ परिसर में मल्टीलेयर असेप्टिक पैक UHT घी लैमिनेट, फ्लेवरड मिल्क कैन 200ml, साल्ट फॉर बायलर, CFC फॉर श्रीखंड कप 100gm, टैंकर सील, इत्यादि पैकेजिंग मटेरियल की आपूर्ति हेतु, (2) Nib Code:- CDF2526A1458 - Operation & Maintenance of 1 Kg SMP Packing FFS Machine कार्य हेतु, (3) Nib Code:- CDF2526A1459 - पॉलीथीन स्क्रैप बेचने के कार्यो हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है जिनकी सम्पूर्ण शर्तें एवं अन्य विस्तृत विवरण वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in एवं www.jaipurdairy.com पर भी देखी जा सकती है।

प्रबन्ध संचालक

जीवन में भरे रस – हमारा प्यारा

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :–न.प.सु/सफाई शाखा/2025/12365 दिनांक :– 18.03.2026

**–: ई–निविदा सूचना–2025–26 :–**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यो के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदा दिनांक 30.03.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक DLB2526SLOB39454, DLB2526SLOB39455 है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/23287 आयुक्त, नगर परिषद, सुजानगढ

**कार्यालय नगरपालिका रामगंजमण्डी जिला–कोटा (राज0)**

क्रमांक : न.पा.रा./2026/1615 दिनांक : 19.03.2026

**ई–निविदा सूचना 2025–26**

नगर पालिका रामगंजमंडी में वर्ष 2026–27 हेतु वार्षिक अनुबन्ध पर सक्षम श्रेणी में पंजिकृत व अन्य विभागों के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई–निविदा पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 19.03.2026 से 08.04.2026 एवं अपलोड करने की दिनांक 19.03.2026 से 08.04.2026 सांय 6 बजे तक। ई.एम.डी./ निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग फीस प्राप्त करने की तिथि : 09.04.2026 समय प्रातः 11.00 बजे तक। तकनीकी बिड खोलने कि दिनांक 10.4.2026 को दोप. 2.00 बजे बाद रहेगी। वित्तीय बिड तकनीकी परीक्षण उपरांत खोली जावेगी। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण http//sppp.raj.nic.in, http//eproc.rajasthan.gov.in देखी जा सकती है।

| SR.NO | NIB | UBN |
|---|---|---|
| 1 | DLB2526B3292 | DLB2526SLRC39547 |
| | | DLB2526SLRC39549 |

राज.संवाद/सी/25/23248 अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय नगरपालिका सावर, जिला–अजमेर (राज.)**

E-mail : npsawar@gmail.com Ph. - 01467-294025

क्रमांक/न.पा.सा./स्टोर/2025–26/21178248 दिनांक :– 19.03.2026

**ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या 16/2025–26**

नगर पालिका सावर के रेफरेंस क्रमांक 21178248 दिनांक 19.03.2026 द्वारा निविदा सूचना 16/2025–26 द्वारा सप्लाई कार्य के लिये योग्य संवेदकों/फर्मो से निर्धारित प्रपत्र मे निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा http://sppp.raj.nic.in/ एवं https://eproc.rajasthan.gov.in से देखी जा सकती हैं। सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

| | |
|---|---|
| Work Name | Supply, installation, commissioning, and maintenance of IP based CCTV Video Surveillance Systems |
| Place | Municipal Board Sawar |
| NIB CODE | Eproc ID : 2026_DLB_547592_1 SPPP ID : DLB2526B3333 |
| No. of Work | 01 |
| Total Work Amount | 130.00 Lacs |
| Publishing Date & Time | 20.03.2026 प्रातः 09:00 से |
| Bid Start Date & Time | 20.03.2026 प्रातः 09:00 से |
| Bid Submission End Date & Time | 19.04.2026 सांय 06:00 बजे तक |
| Website for Downloading tender document | https://eproc.rajasthan.gov.in |
| Tender DD & Documents Submission Start Date & Time | 20.04.2026 प्रातः 11:00 बजे से |
| Tender DD & Documents Submission End Date & Time | 20.04.2026 दोपहर 02:00 बजे से |
| Tender Opening Date & Time | 20.04.2026 को सांय 04:00 बजे |
| Bid Validity Period | 90 Days From the Date of Submission. |

राज.संवाद/सी/25/23252 अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, सावर

# ईरान ने अमेरिकी विमान वाहक जहाज पर मिसाइल अटैक किया

## ईरानी नौसेना कमांडर एडमिरल शाहराम ईरानी ने कहा इस हमले से जहाज को अपना रास्ता बदलने को मजबूर होना पड़ा

इस्तांबुल, 25 मार्च। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच ईरानी नौसेना ने घोषणा की कि उसकी क्रूज मिसाइलों ने अमेरिकी विमानवाहक पोत अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया, जिससे अमेरिकी बेड़े को अपनी जगह बदलने पर मजबूर होना पड़ा। ईरानी नौसेना के कमांडर, रियर एडमिरल शहरम ईरानी ने चेतावनी दी कि अगर यह दुश्मन कैरियर ग्रुप, ईरानी मिसाइल सिस्टम की रेंज में घुसा, तो उस पर ज़ोरदार हमला किया जाएगा।

■ **अमेरिका की सैंट्रल कमांड ने इस हमले की पुष्टि नहीं की।**

नौसेना कमांडर ने सेना के ऑपरेशनल कमांड पोस्ट से अब्राहम लिंकन पर गोलीबारी करने का आदेश जारी किया है।

प्रेस टीवी ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें कहा गया कि सशस्त्र बलों ने अमेरिकी कैरियर पर मिसाइलें दागीं, जबकि सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने नौसेना के अधिकारियों के हवाले से इस ऑपरेशन का ब्योरा दिया है।

आईआरएनए के अनुसार ईरानी नौसेना के कमांडर रियर एडमिरल शहरम ईरानी ने कहा कि दुश्मन एयरक्राफ्ट कैरियर अब्राहम लिंकन की गतिविधियों पर लगातार नज़र रखी जा रही है और जैसे ही यह ईरान की मिसाइल प्रणालियों की सीमा में प्रवेश करेगा, इसे फिर निशाना बनाया जाएगा।

एजेंसी ने कहा कि तटीय लक्ष्यों पर हमला करने में सक्षम क्रूज़ मिसाइलें अमेरिकी कैरियर ग्रुप की ओर दागी गईं, जिससे उसे अपनी जगह बदलने पर मजबूर होना पड़ा। फिलहाल, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) की ओर से इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है।

अमेरिका और इजराइल 28 फरवरी से ईरान पर हवाई हमले कर रहे हैं, जिसमें अब तक 1,340 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई भी शामिल हैं।

ईरान ने इजराइल के साथ-साथ जॉर्डन, इराक और खाड़ी देशों को निशाना बनाकर ड्रोन और मिसाइल हमलों से जवाबी कार्रवाई की है। ये वे देश हैं जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं। इन हमलों से जान-माल का नुकसान हुआ है और बुनियादी ढ ांचे को क्षित पहुंची है।

## आरजीकर रेप पीड़िता की मां को भाजपा ने टिकट दिया

कोलकाता, 25 मार्च। भारतीय जनता पार्टी ने आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए 19 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की। भाजपा की इस लिस्ट में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में बलात्कार और हत्या की पीड़िता की मां रत्ना देबनाथ पानीहाटी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी। इसके अलावा, भाजपा ने रिटायर एनएसजी कमांडो दीपंजन चक्रवर्ती को भी टिकट दिया है।

दरअसल आरजी कर मेडिकल कॉलेज में बलात्कार और हत्या की पीड़िता की मां रत्ना देबनाथ ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वे अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए कमल निशान के तहत चुनावी मैदान में उतरेंगी। ऐसे में बुधवार को भाजपा की तीसरी उम्मीदवार सूची ने अब आधिकारिक तौर पर इस घोषणा पर मुहर लगा दी है।

## 'अपनी हार को...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

अनुसंधान कार्यक्रमों को समाप्त करना शामिल है।

इस योजना में यह भी निर्धारित किया गया है कि ईरान पूरे क्षेत्र में इस्लामी उग्रवादी संगठनों को प्रत्यक्ष और परोक्ष समर्थन देना बंद करे, क्योंकि लेबनान में हिज़्बुल्लाह से लेकर आईएसआईएस, हूती और कई अन्य संगठनों को ईरान द्वारा फंड और प्रोत्साहन दिया जाता रहा है। इसके जवाब में ईरान ने शांति योजना को खारिज करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति का मज़ाक उड़ाया और कहा कि अमेरिका स्वयं से ही बातचीत कर रहा है। ईरान ने यह भी नकार दिया कि अमेरिका और ईरान के बीच कोई संपर्क स्थापित हुआ है। ईरान का कहना है कि वह अमेरिका के साथ इस तरह के किसी भी समझौते पर बातचीत नहीं करेगा।

डॉनल्ड ट्रंप एक ओर तो आक्रामक रुख दिखाते नज़र आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ईरान के साथ स्थायी शांति समझौते की बात भी कर रहे हैं। ट्रंप ने अमेरिकी मरीन कॉर्प्स और अन्य बलों को पश्चिम एशिया में तैनाती के लिए आगे बढ़ने का आदेश दिया है। एक नौसैनिक बेड़ा जो पहले जापान में तैनात था, अब ईरान और खाड़ी की ओर बढ़ रहा है।

माना जा रहा है कि डॉनल्ड ट्रंप आगे की रणनीति तय करने के लिए समय ले रहे हैं। इस बीच, युद्ध की तेज़ गति ने कथित तौर पर गोला-बारूद के भंडार का एक बड़ा हिस्सा समाप्त कर दिया है और अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ उत्पादन तेज करने की कोशिश कर रहे हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका को कुछ प्रमुख हथियारों और उच्च-प्रौद्योगिकी रक्षा उपकरणों के लिए आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति श्रृंखला में गंभीर बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इन आधुनिक रक्षा हथियारों और गोला-बारूद के निर्माण में दुर्लभ पृथ्वी खनिजों (रेयर अर्थ मिनरल्स) की आवश्यकता होती है, जिनके लिए अमेरिका काफी हद तक चीन पर निर्भर है।

यह भी रिपोर्ट्स हैं कि अमेरिका के पास अब मुश्किल से कुछ महीनों का ही पर्याप्त भंडार बचा है और वह इसे फिर से भरने की कोशिश कर रहा है। ऐसे समय में दुर्लभ पृथ्वी तत्वों की कमी डॉनल्ड ट्रंप के लिए और भी बड़ी चुनौती बन गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति जल्द ही चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से शिखर वार्ता करने वाले हैं, जो लंबे समय से लंबित है।

रक्षा के महत्वपूर्ण संसाधनों के लिए चीन पर यह निर्भरता अमेरिका के सौदेबाजी के विकल्पों को भी सीमित कर रही है, और ट्रंप इन निर्भरताओं को कम करने के तरीके खोज रहे हैं। दूसरी ओर, शी जिनपिंग ने अमेरिका को दुर्लभ पृथ्वी सामग्री की आपूर्ति को लेकर अपना रुख और सख्त कर लिया है।

## '24, अकबर रोड...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

है। यदि वे इस ज़मीन आवंटन को स्वीकार कर लेते हैं, तो कब्जा लेने की तारीख से तीन साल के भीतर उन्हें पहले आवंटित बंगले या अन्य परिसरों को खाली करना होता है। कांग्रेस ने 2009 में नए भवन का निर्माण शुरू किया था और 2025 में निर्माण कार्य पूरा होने पर नए कांग्रेस मुख्यालय के रूप में "इंदिरा भवन" का उद्घाटन हुआ। भाजपा भी अब दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित अपने नए कार्यालय से काम कर रही है।

इसी पृष्ठभूमि में बदले की राजनीति का मुद्दा भी सामने आता है। भाजपा ने भले ही दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर अपना नया कार्यालय शुरू कर दिया था, लेकिन उसने कुछ समय तक अपने पुराने कार्यालय 11 अशोका रोड से भी काम जारी रखा था। बाद में यह बंगला पार्टी सांसद बैजयंत पांडा को आवंटित कर दिया गया। दूसरी ओर, कांग्रेस ने भी 24 अकबर रोड को अपने नाम आवंटित करने के लिए आवेदन किया था, लेकिन उसे अनुमति नहीं दी गई। पार्टी नेता सरकार की मंशा पर सवाल उठा रहे हैं, क्योंकि कई ऐसे नेता, जो अब सांसद नहीं हैं, अभी भी लुटियंस दिल्ली के सरकारी बंगलों में रह रहे हैं। इनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी और पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम नबी आज़ाद शामिल हैं।

नोटिस को लेकर कांग्रेस नेताओं की भावुक प्रतिक्रिया इस इमारत से जुड़ी पुरानी यादों के कारण भी है। सन् 1977 के चुनाव में हार के बाद, इंदिरा गांधी ने 24 अकबर रोड को पार्टी कार्यालय के रूप में इस्तेमाल करना शुरू किया था। उस समय यह बंगला पार्टी के राज्यसभा सांसद जी वेंकटस्वामी के पास था। इस बंगले ने राजीव गांधी, पी वी नरसिम्हा राव और डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री काल के दौरान कांग्रेस के पुनरुत्थान को भी देखा है।

## मुख्यमंत्री बनने ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

वेणुगोपाल अन्य राज्यों में भी वही प्रयास नहीं कर सकते थे, जो अब केरल में कर रहे हैं? या फिर यह सक्रियता केवल इसलिए है, क्योंकि उनकी नज़र मुख्यमंत्री पद पर है।

केरल कांग्रेस में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री पद को लेकर वेणुगोपाल, सतीशन और चेन्निथला के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

## गुजरात में समान नागरिक संहिता बिल पारित

गांधीनगर, 25 मार्च। गुजरात विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक आज बहुमत से पारित हो गया है। इसके साथ ही, उत्तराखंड के बाद गुजरात यूसीसी लागू करने वाला देश का दूसरा राज्य बन गया है। बिल पारित होने के बाद सदन में सत्तापक्ष के सदस्यों ने मेज थपथपाकर विधेयक का स्वागत किया और विपक्षी सदस्यों ने सवाल उठाएं। गुरुवार को विधानसभा में राज्य के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने समान नागरिक संहिता विधेयक पेश किया। जिसके बाद सदन में 7 घंटे में लंबी चर्चा हुई। चर्चा के दौरान हलाला प्रथा, शाह बानो केस, अभिनेता धर्मेंद्र के दूसरे विवाह और श्रद्धा वाकर जैसे मामलों का भी उल्लेख किया गया।

■ **गुजरात देश का दूसरा राज्य है जहां समान नागरिक संहिता बिल पारित हुआ, पहला राज्य उत्तराखंड है।**

## 'जुबीन गर्ग की मौत डूबने से हुई'

गुवाहाटी, 25 मार्च। सिंगापुर के कोरोनर कोर्ट ने प्रसिद्ध असमिया गायक जुबीन गर्ग की मौत को लेकर अपना अंतिम फैसला सुनाते हुए कहा है कि उनकी मृत्यु पानी में डूबने के कारण हुई थी। कोर्ट द्वारा प्रस्तुत निष्कर्षों के अनुसार, मामले की विस्तृत जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर यह पुष्टि की गई कि मौत का कारण डूबना था। कोरोनर ने यह भी स्पष्ट किया कि यह एक आकस्मिक घटना थी।

इस फैसले के साथ ही मामले को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है और अधिकारियों ने भी पुष्टि की है कि घटना में किसी तरह की साजिश या आपराधिक पहलू शामिल नहीं था। इस संदर्भ में विस्तृत विवरण के प्रतीक्षा की जा रही है। गौरतलब है कि, असम पुलिस की क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी) ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) गठित कर दिसंबर, 2025 में गुवाहाटी की एक कोर्ट में गायक की मौत के मामले में एक विस्तरित चार्जशीट दाखिल की थी।

■ **सिंगापुर कोर्ट के इस फैसले के बाद जुबीन की मौत में साजिश को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग सकता है।**

## मॉल की बेसमैंट...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

के बाद कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश एस.पी.शर्मा और न्यायाधीश शुभा मेहता की खंडपीठ ने याचिकाकर्ताओं को नगर निगम के कर निर्धारक और राजस्व अधिकारी के समक्ष अपना पक्ष रखने का अवसर दिया है। अदालत ने कहा है कि 27 मार्च को इस मामले पर सुनवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि जयपुर के कई अन्य मॉल संचालकों की ओर से भी इसी मुद्दे पर हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर की गई हैं, जो 27 मार्च को हाईकोर्ट में सूचीबद्ध हैं।

महिमा बिल्डर्स द्वारा दायर मामले में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नगर निगम के कर निर्धारक कैसे और क्या फैसला लेते हैं, क्योंकि उनके निर्णय को न्यायालय में पुनः चुनौती दी जा सकती है।

## 'भाजपा से फंडिंग का आरोप एकदम निराधार'

■ **एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने तृणमूल कांग्रेस के इस आरोप पर यह भी कहा अगर ऐसा है तो मैं 90 प्रतिशत पैसा तृणमूल को दे दूंगा।**

■ **ओवैसी बंगाल में तृणमूल से अलग हुए हुमायूं कबीर के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं।**

कोलकाता, 25 मार्च। पश्चिम बंगाल में अखिल भारतीय मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के उस आरोप को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि उनकी पार्टी को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यक बहुल सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से धन मिल रहा है।

कोलकाता के उत्तरी उपनगर दमदम में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में ओवैसी ने कहा कि यह आरोप पूरी तरह निराधार है। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि अगर ऐसा है तो मैं 90 प्रतिशत धन तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी को दे दूंगा, पांच प्रतिशत खुद रखूंगा और बाकी पांच प्रतिशत अपने भाई हुमायूं कबीर को दे दूंगा।

इस दौरान हुमायूं कबीर भी मौजूद थे, जिन्होंने हाल ही में, तृणमूल कांग्रेस से निलंबित होने के बाद, अपनी नई राजनीतिक पार्टी आम आदमी उन्नयन पार्टी का गठन किया है।

ओवैसी ने बताया कि उनकी पार्टी और आम आदमी उन्नयन पार्टी के बीच पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे का समझौता हुआ है। दोनों दल राज्य की कई सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं, खासकर उन क्षेत्रों में, जहां अल्पसंख्यक मतदाताओं की संख्या अधिक है। तृणमूल कांग्रेस के आरोपों का जवाब देते हुए ओवैसी ने सवाल उठाया कि क्या 2016 में भाजपा के केवल तीन विधायकों से बढ़ कर 2021 में 77 विधायक होने में उनकी कोई भूमिका थी। उन्होंने कहा कि क्या यह मैंने किया था? क्या मैं इतना शक्तिशाली हो गया हूं? उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी अपनी वास्तविक राजनीतिक ताकत को ध्यान में रखकर ही चुनाव लड़ रही है।

इस अवसर पर ओवैसी ने तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मुस्लिम समुदाय की भावनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने दावा किया कि लगातार चुनाव जीतने के बावजूद राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय का अपेक्षित विकास नहीं हुआ है।

## ईरान सिर्फ जेडी...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

है कि विटकॉफ, कुश्नर और यहां तक कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की तुलना में वेंस को संघर्ष खत्म करने के पक्ष में ज्यादा गंभीर माना जा रहा है।






राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908